राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 48 अंक 229
जौनपुर, शुक्रवार
05 जून 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
40°C | 31°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in












❖ आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। ❖ सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।

आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!


# मुजफ्फरपुर के अस्पताल में आग लगने से 5 मरीजों की मौत

**मुजफ्फरपुर, 04 जून।** मुजफ्फरपुर में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। ब्रह्मपुरा इलाका स्थित 'प्रसाद हॉस्पिटल' में सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर स्थित आईसीयू वार्ड में लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग के कारण पूरे अस्पताल भवन में घना धुआं फैल गया, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक मरीज गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**इन मरीजों की हुई मौत:** शशांक कुमार, औराई मुजफ्फरपुर, गीता देवी, मोतीपुर मुजफ्फरपुर, उदय कुमार, तरियानी शिवहर, कृष्ण नंदन एवं चंचला कुमारी।

विशंभरपुर शिवहर के रहने वाले उदय कुमार चार दिन से अस्पातल में भर्ती थे। ब्रेन सर्जरी होने के बाद आईसीयू में थे। इनसे मिलने पत्नी नीलू देवी, सास बच्ची देवी, बेटा सत्यम, बेटी आकांक्षा अस्पताल में थीं। साला नीतीश भी था। सभी लोग साथ में थे। शोर होने पर जानकारी मिली, लेकिन जब तक पहुंचे, तब तक उदय कुमार की मौत हो चुकी थी। दिस्तौलिया, कथैया की रहने वाली गीता देवी एक जून को भर्ती हुई थीं। शुगर और बीपी से ग्रसित थीं। उनका डायलिसिस चल रहा था। ये जानकारी उनके बेटे अनीश ठाकुर ने दी। गोरिगमा डीह, मीनापुर के रहने वाले कृष्णनंदन सिंह डॉ. संजीव के यूनिट में इलाजरत थे। फेफड़ा में पानी था। 22 मई से भर्ती थे।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की लगभग एक दर्जन गाड़ियां मौके

### ❖ आईसीयू में शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका



पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और अस्पताल के विभिन्न वार्डों में फंसे मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया।

आईसीयू में मौजूद मरीजों को बाहर निकालने के लिए राहत एवं बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। देखते ही देखते जहरीला धुआं पूरे अस्पताल में फैल गया, जिससे कई मरीजों की हालत और गंभीर हो गई। कई मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें आसपास के सुरक्षित अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सुबह करीब तीन बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जब दमकल की टीम अस्पताल पहुंची तो आईसीयू वार्ड पूरी तरह धुएं से भरा हुआ था। बचाव अभियान के दौरान कई मरीजों को गंभीर स्थिति में बाहर निकाला गया। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य के दौरान 20 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, हालांकि कई मरीजों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

**शॉर्ट सर्किट माना जा रहा आग की वजह:** शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने अस्पताल परिसर को अपने कब्जे में लेकर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतकों और घायलों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

**13 बेड के वार्ड में 15 मरीज:** डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि 13 बेड लगे हुए थे, जिसमें 15 मरीज भर्ती थे। अभी 5 मरीजों के मरने की पुष्टि हुई है। आग की घटना के चलते आईसीयू वार्ड के इंचार्ज भी झुलस गए हैं, जिन्हें बगल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी मरीजों का भी रेस्क्यू कर आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख मुआवजे का एलान

**पटना, 04 जून।** मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके में स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। इस हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं इस हादसे पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही उन्होंने इस हादसे में मारे में मरीजों के आश्रितों के लिए मुआवजे का एलान किया है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने से चार व्यक्तियों की मृत्यु अत्यंत दु:खद है। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें। इसके साथ ही उन्होंने लिखा मृतकों के परिजनों को अविलंब 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

## हमीरपुर में बेतवा पुल की रेलिंग तोड़ नदी में गिरा डंपर, चालक की मौत

**हमीरपुर, 04 जून।** कानपुर से महोबा की तरफ जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर बेतवा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरा। डंपर में फंसे चालक को पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला और जिला अस्पताल ले गई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बुधवार की देर रात करीब डेढ़ बजे एक खाली डंपर कानपुर से महोबा की ओर जा रहा था। जैसे ही यह हमीरपुर सदर कोतवाली के बेतवा पुल के पास पहुंचा कि तभी डंपर का संतुलन बिगड़ गया और वह बेतवा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में जा गिरा।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस के सिपाही अनिरुद्ध सिंह ने केबिन में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पर्स से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त मौदहा कोतवाली के रागौल गांव के मिराज पुरवा मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय राजकुमार पुत्र राजा भैया के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मृतक के स्वजन को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## भारत आ रहे 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके

**मुंबई, 04 जून।** अमेरिका के बोस्टन में रहने वाले 30 वर्षीय अभिजीत दिपके इन दिनों दिल्ली के सियासी और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत 6 जून को भारत आ रहे हैं। उन्होंने समर्थकों से अपील की है कि वे 'मुझे एयरपोर्ट पर मिलें।' देश की शिक्षा प्रणाली की खामियों को उठाने के लिए वह राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर से एयरपोर्ट तक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। लेकिन, उनके इस कदम से महाराष्ट्र में बैठे उनके माता-पिता की चिंताएं बढ़ गई हैं।

### डर से मां-बाप ने छोड़ा घर



**खाली घर पर पुलिस का पहरा:** अभिजीत दिपके के परिवार ने सुरक्षा के लिहाज से बड़ा कदम उठाया है। छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) के एमआईडीसी वालुज इलाके में स्थित दिपके परिवार का घर अब खाली पड़ा है। कुछ दिन पहले ही परिवार के सदस्य चुपचाप किसी अज्ञात जगह पर शिफ्ट हो गए हैं। घर पर इस वक्त कोई नहीं है, फिर भी सुरक्षा के मद्देनजर वहां पुलिस का कड़ा पहरा लगा हुआ है। अभिजीत के पिता भगवानराव दिपके पिछले साल ही महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम से इंजीनियर के पद से रिटायर हुए हैं। वे अपने बेटे के इस कदम से चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'एक पिता होने के नाते मेरी चिंताएं लाजमी हैं। शुरुआत में मैंने उसे कोई भी ऐसा अभियान शुरू करने के फैसले पर फिर से विचार करने के लिए समझाने की कोशिश की थी। हालांकि, जब कोई व्यक्ति कुछ करने की ठान लेता है, तो कहने के लिए बहुत कम बचता है। इस स्तर पर हम उसे और कोई सलाह देने का इरादा नहीं रखते।'

## ममता बनर्जी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर, भड़काऊ भाषण देने का लगा आरोप

**कोलकाता, 04 जून।** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ गृह मंत्रालय को लेकर कथित भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, यह मामला सिलीगुड़ी साइबर क्राइम थाने में एक अधिवक्ता की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। शिकायत का संबंध दो जून को कोलकाता के रानी रासमणि रोड पर आयोजित एक विरोध सभा में ममता बनर्जी द्वारा दिए गए भाषण से है। सभा में उन्होंने बांग्लादेशी नागरिक उस्मान हादी की हत्या का उल्लेख करते हुए कुछ ऐसी



टिप्पणियां की थीं, जिनमें कथित तौर पर केंद्र के गृह मंत्रालय और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका की ओर संकेत किया गया था।

**ममता ने दिया था भाषण:** अधिवक्ता रिंकी सेन चटर्जी ने अपनी शिकायत में कहा है कि उस्मान हादी की हत्या पिछले वर्ष दिसंबर में बांग्लादेश में हुई थी। हत्या के आरोपित बाद में मेघालय सीमा पार कर बंगाल पहुंचे थे, जहां राज्य की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने उन्हें गिरफ्तार किया था।

शिकायतकर्ता के अनुसार, ममता बनर्जी ने अपने भाषण में कहा कि भले ही हत्या दूसरे देश में हुई हो, लेकिन उन्हें पता है कि इसके पीछे कौन लोग थे। आरोप है कि उन्होंने इस मामले में गृह मंत्रालय पर भी सवाल उठाए। रिंकी सेन चटर्जी ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए ममता बनर्जी चाहतीं तो इस मामले को सीधे गृह मंत्रालय के समक्ष उठा सकती थीं।

उनका आरोप है कि अब वह यह दावा कर रही हैं कि बांग्लादेश में हुई हत्या गृह मंत्रालय के निर्देश पर कराई गई थी।

## नोएडा-गाजियाबाद में आंधी के साथ झमाझम बारिश

### दिल्ली से लेकर हरियाणा तक बदला मौसम, दिन में छाया अंधेरा

**नई दिल्ली, 04 जून।** बीते कुछ दिनों से तपिश सूरज की तपिश झेल रहे दिल्ली-एनसीआर के लोगों को गुरुवार दिन में बारिश की फुहारों और काली घटाओं ने राहत दी। दोपहर के 2 बजे से सोनीपत, फरीदाबाद, दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कुछ इलाकों में भी मौसम बदल गया। जहां नोएडा में तेज आंधी चल रही है,



वहीं सोनीपत, फरीदाबाद में धूल भरी हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई है। नोएडा में काले बादल छाने के बाद तेज आंधी चलने के साथ ही तेज बारिश हो रही है। आंधी इतनी तेज है कि हाई राइज बिल्डिंग्स जहां ग्लास आउटडोर है वहां अजीब आवाजें सुनाई दे रही हैं। दिल्ली के पूर्वी जिले और नई दिल्ली में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इससे बीते कई दिनों से चल रही गर्मी से लोगों को राहत मिल गई है। एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में एक बार फिर परिवर्तन आया है। बृहस्पतिवार सुबह से जहां दिन चढ़ने के साथ ही सूरज की तपिश लोगों के पसीने छुड़ा रही थी, वहीं दोपहर को आसमान में अचानक बादल घिर आए और धूल भरी हवाओं के साथ कुछ ही देर में बूंदाबांदी शुरू हो गई है।

## यूपी में सिपाही भर्ती परीक्षा में सॉल्वर बने तो हो जाएंगे कंगाल!

**लखनऊ, 04 जून।** आरक्षी परीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर परीक्षा में किसी साल्वर को पकड़ा जाता है तो उसकी संपत्ति जब्त की जा सकती है। भर्ती बोर्ड के अपर सचिव सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ लोग आगामी परीक्षा को लेकर प्रश्न पत्रों और उसके कंटेट पर चर्चा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के प्रविधानों के तहत इस प्रकार की गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। साल्वर के पकड़े जाने पर पहली बार में अधिकतम सात वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये का जुर्माना और दूसरी बार पकड़े जाने पर आजीवन कारावास और 50 लाख से एक करोड़ रुपये ताक जुर्माने का प्रविधान है।

## ऊंची इमारतों-होटलों का होगा स्पेशल सेफ्टी इंस्पेक्शन

### सीएम योगी का कड़ा फरमान



**लखनऊ, 04 जून।** दिल्ली के मालवीय नगर रेस्टोरेंट में लगी आग मामले में सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने प्रदेश के संस्थानों, विभागों और इमारतों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी विकास प्राधिकरणों, पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी और अग्निशमन विभाग के साथ-साथ कई अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी ऊंची इमारतों, कार्यालयों, होटलों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया जाना चाहिए। साथ ही अग्नि सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत किया जाना चाहिए। सभी होटलों को विशेष सुरक्षा निरीक्षण से गुजरना चाहिए और एक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए।

## सीएम विजय ने कांग्रेस को सौंप दी अपने कोटे की राज्यसभा सीट

**नई दिल्ली, 04 जून।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने राज्य की एकमात्र खाली राज्यसभा सीट अपनी सहयोगी पार्टी कांग्रेस को सौंपने का ऐलान किया। इस कदम पर असंतोष जताते हुए डीएमके ने तंज कसा है कि कांग्रेस को गठबंधन में पहले ही एक राज्यसभा और 28 विधानसभा सीटें दी जा चुकी हैं। इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े बूस्ट के रूप में देखा जा रहा है। तमिलनाडु में अल्पमत टीवीके सरकार की स्थिरता के लिए कांग्रेस का समर्थन बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि सत्तारूढ़ टीवीके अपने दम पर बहुमत के आंकड़े से 10 सीट कम है, ऐसे में कांग्रेस के पांच विधायक सरकार को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यह घोषणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडनकर की मुख्यमंत्री विजय से मुलाकात के कुछ ही समय बाद हुई। इसके बाद से ही राज्यसभा की इस सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि कांग्रेस रणनीतिकार प्रवीण चक्रवर्ती पार्टी के उम्मीदवार हो सकते हैं। चक्रवर्ती को कांग्रेस-टीवीके गठबंधन को आकार देने में मदद करने का श्रेय दिया जाता है, जिसने तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। गौरतलब है कि तमिलनाडु विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद एआईएडीएमके नेता सी.वी. षणमुगम ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद यह रिक्ति उत्पन्न हुई।







### ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का किया आह्वान

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ



**तरूणमित्र न्यूज**

**भदोही।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का गुरुवार को शुभारंभ प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पौधरोपण कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व विधायक रविंद्रनाथ त्रिपाठी, डीएम शैलेश कुमार तथा एसपी अभिनव त्यागी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाए। पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध करें। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में पांच करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस महाअभियान के अंतर्गत जनपद भदोही में दो लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन के आधार हैं। वे न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व के रूप में स्वीकार करने का आह्वान किया। डीएम ने बताया कि जनपद में विश्व पर्यावरण दिवस के सफल आयोजन एवं वृक्षारोपण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। पौधरोपण स्थलों का चयन, पौधों की उपलब्धता तथा उनकी सुरक्षा एवं देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। सभी ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा और हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## दूल्हे के फरार होने का मामला सुलझा

**मड़िहान/मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव में जयमाल के बाद दूल्हे के फरार होने से हंगामा मच गया।मामला गुरुवार के दिन अपराह्न चार बजे पुलिस के हस्तक्षेप के बाद सुलझ गया।दोनों पक्षों में समझौता हो गया।कन्या पक्ष ने दहेज में दी गई पल्सर बाइक और 61 हजार रुपये हर्जाना लेकर शादी करने से इनकार कर दिया। कन्या के पिता ने बताया कि वह अपनी बेटी की शादी अब इस लड़के से नहीं करना चाहते। थाने में पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्ष बैठे। लंबी पंचायत के बाद दूल्हा पक्ष ने दहेज में दी गई पल्सर बाइक और 61 हजार रुपये नकद वापस करने पर सहमति जताई। रुपये और बाइक मिलने के बाद लड़की पक्ष ने समझौता स्वीकार कर लिया। समझौते की बात पर पुलिस की मौजूदगी में ही बुधवार देर रात रोकी गईं तीनों गाड़ियों को छोड़ दिया गया। वही दूल्हे के पिता को बुद्धवार को ही मड़िहान पुलिस को सौप दिया था। इससे गांव में बना तनाव का माहौल कुछ कम हुआ।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के मेंढरा गांव में गुरुवार को 24 वर्षीय विवाहिता खुशबू पांडेय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खुशबू के ससुर रमेश पांडेय ने लालगंज थाने में बहू की मौत की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की और प्रारंभिक छानबीन शुरू की। मृतका के स्वजनों का कहना है कि खुशबू काफी समय से बीमार चल रही थी और उसका इलाज भी चल रहा था। खुशबू का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व मेंढरा गांव के पवन कुमार पांडेय के साथ हुआ था। उसका मायका मड़िहान थाना क्षेत्र के रामपुर 33 दारानगर में है। बताया जा रहा है कि खुशबू पांडेय गर्भवती भी थी। इस जानकारी ने मामले की गंभीरता को और बढ़ा दिया है।

लालगंज थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा की उपस्थिति में पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। मृतका के भाई बसंत लाल तिवारी को स्वजनों द्वारा खुशबू की मौत की सूचना दी गई है। पुलिस ने भी मृतका के मायके वालों को घटना के बारे में सूचित कर दिया है।

## गैंगस्टर व गोवध के मामलों में वांछित दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लालगंज पुलिस ने एनडीपीएस, गैंगस्टर व गोवध के मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को चेकिंग के दौरान एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में वांछित जितेंद्र कुमार यादव (36) पुत्र नंदजी यादव निवासी सहतवार वार्ड संख्या-14, थाना सहतवार, जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ थाना लालगंज में वर्ष 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। वह काफी समय से फरार चल रहा था।वहीं गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित अमित (24) पुत्र सुरेश निवासी खुटहनियां, थाना करमा, जनपद सोनभद्र को भी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी गैंगस्टर एक्ट के साथ गोवध से संबंधित मामलों में भी वांछित था। उसके खिलाफ थाना लालगंज में मुकदमा संख्या 221/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक कुंवर मनोज सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल इरशाद खां व पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

**मीरजापुर।** दिल्ली के होटल में लगी आग की घटना के बाद जिले में भी ऐसी घटनाओं की आशंकाएं जताई जा रही हैं। बताता जा रहा है कि नगर क्षेत्र के ज्यादातर होटलों रेस्टोरेंट से लेकर दुकानों विभिन्न प्रतिष्ठानों में आग से बचाव के मुक्कमल बंदोबस्त न होकर नाममात्र के ही हैं। कहीं कहीं तो आग पर काबू पाने के यंत्र महज़ शो-पीस बनकर रह गए हैं। गुरुवार को तड़के कुछ ऐसा ही नजारा नगर के मध्य में देखने को मिला है जहां एक मकान से ऊठ रहे आग और धुएं के गुबार से लोगों का दम घुटने लगा था। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के धुंधली कटरा इलाके में सेठ द्वारका प्रसाद बजाज स्कूल के बगल में स्थित मकान में गुरुवार को तड़के आग लग गया। आग किन कारणों से लगा यह तो स्पष्ट नहीं हो पाया था लेकिन भीषण आग की लपटों को देकर आसपास के लोग सहम उठें थे। समीप में ही कटरा में कई दुकानें व मकान है जहाँ भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई थी। सूचना होने पर मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की भरपूर प्रयास में जुटी रही है।

# पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई : डीएम

### जमाखोरी एवं डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के दिए निर्देश

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता, कालाबाजारी, जमाखोरी एवं डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से पेट्रोलियम कंपनियों के विक्रय प्रबंधकों तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के विक्रय प्रबंधकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के सभी पेट्रोल एवं डीजल रिटेल आउटलेट्स पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन तथा सीएनजी की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने थोक उपभोक्ताओं की नियमित निगरानी एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि खुदरा बिक्री प्रभावित न हो तथा पैनिक बाइंग और असामान्य जमाखोरी जैसी स्थितियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी पेट्रोल पंप पर बोतल, डिब्बे अथवा अन्य खुले एवं असुरक्षित बर्तनों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री न की जाए। अधिक बिक्री वाले पंपों की विशेष निगरानी कर कालाबाजारी एवं डायवर्जन की संभावनाओं की पहचान करने के भी निर्देश दिए गए।



अधिकारियों को संबोधित करते जिलाधिकारी चर्चित गौड़

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 200 लीटर से अधिक पेट्रोल अथवा डीजल खरीदने वाले सभी ग्राहकों का विवरण संबंधित पेट्रोल पंपों पर रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। रजिस्टर में ग्राहक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, वाहन संख्या अथवा उपयोग का उद्देश्य अंकित किया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर सत्यापन किया जा सके। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पेट्रोल पंपों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की जाए तथा यदि किसी पेट्रोल पंप पर निर्धारित मानकों के अनुरूप अभिलेखों का संधारण नहीं पाया जाता है या कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा डायवर्जन से संबंधित कोई अनियमितता प्रकाश में आती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## ट्रक मालिकों का धरना तीसरे दिन भी जारी

**बीजपुर, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** एनटीपीसी रिहंद में राख ढुलाई का काम लगातार तीसरे दिन भी पूरी तरह ठप रहा। भाड़े में बढ़ोतरी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रांसपोर्टर और वाहन मालिकों का विरोध प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा।आंदोलनकारी वाहन मालिक मांगों पर अड़े हुए हैं और उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक चक्का जाम रहेगा।धरने पर बैठे वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि हड़ताल के तीन दिन बीत जाने के बाद भी संबंधित ठेकेदारों ने गतिरोध को दूर करने के लिए बातचीत की कोई पहल नहीं की है।जब तक भाड़े में सम्मानजनक बढ़ोतरी नहीं की जाएगी और हमारी जायज मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक एक भी गाड़ी का पहिया नहीं हिलेगा।

यह आंदोलन मांगें पूरी होने तक अनवरत जारी रहेगा।राख ढुलाई के वाहनों के पहिये थमने से एनटीपीसी की राख निस्तारण व्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है। तीन दिनों से काम ठप होने के कारण भारी मात्रा में राख का उठाव रुका हुआ है जिससे आने वाले दिनों में संयंत्र प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।गुरुवार को धरना स्थल पर ट्रांसपोर्टरों की एकजुटता दिखाने के लिए भारी संख्या में मोटर मालिक मौजूद रहे। इस आंदोलन को स्थानीय राजनीतिक और सामाजिक संगठनों का भी खुला समर्थन मिल रहा है।

मौके पर मुख्य रूप से अरविंद सिंह भाजपा नेता,सतवंत सिंह बजरंग दल नेता, बग्गा सिंह, शिवधारी गुप्ता,केदारनाथ यादव सपा नेता ने ट्रांसपोर्टरों की मांग को जायज बताते हुए प्रशासन और ठेकेदारों से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और बीच का रास्ता निकालने की मांग की है ताकि क्षेत्र के सैकड़ों चालकों और मालिकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा न हो।

## बीमा कंपनी की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे किसान

**मीरजापुर।** लालगंज विकास खंड क्षेत्र में विगत 28,29,30 व 31 अक्टूबर 2025 को हुई तुफानी वर्षात से बामी, धसड़ा , बिरतिया आदि गांवों में धान की फसल को काफी नुकसान हुआ था। दर्जनों गांवों के किसानों ने 14447 पर 72 घंटे के अंदर सूचना भी दे दिया गया था। बीमा कंपनी द्वारा सभी बिमित व केसीसी धारक किसानों का सर्वे करवाया गया था लेकिन किसानों को मुआवजा के नाम पर धेला नहीं मिला।

बामी के किसान उपेन्द्र सिंह, श्याम नारायण सिंह, शिवपूजन मिश्र, जय नारायण तिवारी, जयशंकर तिवारी, राकेश कुमार, ऐनुद्दीन, नविउल्ला, जविउल्ला, जैनुद्दीन आदि ने बताया की फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर धान की फसल में 80 से 100 प्रतिशत तक नुकसान दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि फसल पूरी तरह नष्ट होने के बावजूद पोर्टल पर अधिकांश किसानों का नुकसान कितना दर्शाया गया किसी को मालूम नही हुआ। बीमा कंपनी द्वारा कराए गए अलग-अलग सर्वे में नुकसान दिखा भी था। बाद में एक कंपनी की ओर से औराई के रहने वाले बीमा कंपनी के सर्वे करने आए कर्मचारीयों ने किसानों से सुविधा शुल्क की मांग किया था। किसानों ने क्षतिपूर्ति मिलने के बाद देनै का आश्वासन भी दिया था। लेकिन किसानों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया तो मुआवजा नहीं मिला।

किसान उपेन्द्र सिंह ने बताया 14447पर संपर्क करने पर बार बार यही कहा गया की क्रियान्वयन किया जा रहा है। किसानों ने कहा की बैंक से कर्ज लेकर धान की खेती की गई थी, वर्षात से फसल नष्ट हो गई और बीमा कंपनी से मुआवजा नहीं मिला जिसके कारण बैंक के केसीसी का व्याज तक नहीं जमा हो सका और किसान बैंक का कर्जदार बने हुए हैं।




## एनसीएल में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 'पर्यावरण सप्ताह' मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत बुधवार को एनसीएल की जयंत परियोजना द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास' विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करने और सतत विकास के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गयी थी।




इस दौरान कार्यशाला में महाप्रबंधक, जयंत, दीपक सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता एवं सतत विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन, वायु एवं जल प्रदूषण नियंत्रण, हरित ऊर्जा, वनस्पति संरक्षण तथा खनन क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (पर्यावरण), राकेश कुमार, कार्यपालन मंत्री, मध्य प्रदेश. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीसीबी), सिंगरौली, शिवम रमन तथा एनसीएल मुख्यालय एवं जयंत परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, सीएमपीडीआईएल, जयंत के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे।

## विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धालुओं को धूप से बचाव के लिए की जाएगी छाया : आयुक्त

**मीरजापुर।** मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की लंबी पंक्ति देखते हुए कड़ी धूप से बचाव के लिए छाया की व्यवस्था का निर्देश दिया है।

दरअसल गुरुवार को आम जनता की ओर से बताया गया कि विख्यात देवी धाम विंध्याचल में न्यू वीआईपी पर कभी-कभी विशेष तिथियों में सड़क से श्रद्धालुओं की लाइन लग जाती है। कड़ी धूप की वजह से श्रद्धालु परेशान और गर्मी से बेचैन होते है। इस समस्या को सुनकर फौरन संबंधित अधिकारियों को आयुक्त श्री प्रकाश ने आदेश दिया कि हरे रंग के चादर की छाया तत्काल किया जाए। पुरुषोत्तम मास में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ गयी है। पूर्णिमा तिथि को मुख्य सड़क से लाइन लग गई थी और ऊपर छाया न होने से श्रद्धालु तो बेचैन थे, साथ में छोटे बच्चे तिलमिला रहे थे। इस समस्या पर फौरन कदम उठाते हुए आयुक्त ने छाया का आदेश तो दिया ही, साथ में वाटर कूलर की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया।इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। आयुक्त राजेश प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक अधिकारी पूर्वाह्न 10 से मध्याह्न 12 बजे तक अपने कार्यालय में जरूर बैठे तथा दफ्तरों में आने वाली जनता की समस्याओं को सुनें। उन्होंने कहा कि इस अवधि में आवास से अधिकारी वर्ग काम न करे क्योंकि आवास पर जनता नहीं पहुंच पाती है।




# एनटीपीसी रिहंद में सतत विकास लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता पहलों में तेजी

**बीजपुर, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** एनटीपीसी रिहंद ने अपने स्थिरता पहल को मजबूत करने में काफी तरक्की की है और अपने काम को सतत विकास लक्ष्य के साथ करीब से जोड़ा है। यह संगठन पर्यावरण संरक्षण, चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांत और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रतिबद्धता दिखाता रहता है।अपनी शुरुआत से ही, एनटीपीसी रिहंद ने बड़े पैमाने पर पेड़ लगाने और पारिस्थितिक बहाली पर जोर दिया है। संयंत्र ने अपने प्रचालन परिसर और आस-पास के इलाकों में लगभग 24 लाख पेड़ लगाए हैं, जिससे इलाके को हरा-भरा बनाने में बहुत मदद मिली है। इनमें से,लगभग 35,000 पौधे मियावाकी तकनीक का प्रयोग करके लगाए गए हैं, जो घने, तेजी से बढ़ने वाले सूक्ष्म वन बनाने के लिए जानी जाती है जो जैव विविधता को बढ़ाते हैं और हवा की गुणवत्ता में सुधार करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2026द्27 के लिए, एनटीपीसी रिहंद ने 75,000 पेड़ लगाने का बड़ा लक्ष्य रखा है, जिसमें मियावाकी तरीके से लगाए गए 36,000 पौधे शामिल हैं, जिससे इसका हरा आवरण और पर्यावरणीय लचीलापन और मजबूत होगा।कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में,एनटीपीसी रिहंद ने स्थिरता और कुशल तरीकों को लागू करके काफी प्रगति की है। 2019 से, टाउनशिप में पैदा हुए लगभग 34 टन प्लास्टिक कचरे का सीमेंट प्लांट में सह-प्रसंस्करण के जरिए पूरी तरह इस्तेमाल किया गया है, जिससे पर्यावरण के हिसाब से सुरक्षित निपटान सुनिश्चित हुआ है। खास बात यह है कि स्टेशन जीरो-प्लास्टिक-वेस्ट-डिस्पोजल अप्रोच रखता है, जिसमें हर साल पैदा होने वाला सारा प्लास्टिक कचरा दोबारा इस्तेमाल के लिए सीमेंट इंडस्ट्रीज को भेज दिया जाता है। इसके अलावा, एनटीपीसी रिहंद ने



टाउनशिप में कलर-कोडेड बिन लगाकर और नियमित जागरूकता अभियान चलाकर, लोगों को जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के तरीके अपनाने के लिए बढ़ावा देकर, सोर्स पर ही कचरे को अलग करने को सक्रिय बढ़ावा दिया है।

अपने वेस्ट-टू-वेल्थ अप्रोच पर जोर देते हुए, एनटीपीसी रिहंद ने उन कोशिशों को भी सपोर्ट किया है जो पुनर्चक्रण सामग्री को क्रिएटिव क्राफ्ट और आर्टवर्क में बदलती हैं। ये गतिविधियां न सिर्फ स्थिरता के बारे में जागरूकता पैदा करती हैं बल्कि समुदाय में कौशल विकास और रोजी-रोटी के मौकों में भी मदद करती हैं।स्टेशन ने औद्योगिक उप-उत्पादों के इस्तेमाल में भी काफी तरक्की की है। फ्लाई ऐश और पॉण्ड की राख को सीमेंट और सड़क बनाने वाली परियोजनाओं को अच्छे से आपूर्ति की जा रही है, जिससे उनका उत्पादक इस्तेमाल पक्का हो रहा है। इस प्रक्रिया को बीटीएपी और बीओएक्सएन वैगन जैसे खास परिवहन व्यवस्था के जरिए आसान बनाया गया है, जिससे बड़े पैमाने पर दोबारा इस्तेमाल हो पाता है और पर्यावरण पर कम असर होता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, समर्थ अभियान के तहत कुल 40,848 मीट्रिक टन बायोमास पेलेट्स का इस्तेमाल किया गया।पर्यावरण प्रबंधन में एक अहम पड़ाव घरेलू और औद्योगिक गंदे पानी की 100:पुनर्चक्रण और दोबारा इस्तेमाल की कामयाबी है।

इस कामयाबी ने मीठे पानी के स्रोत पर निर्भरता को काफी कम कर दिया है, जो पानी बचाने के लिए एनटीपीसी रिहंद की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, एक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन यूनिट लगाने का काम चल रहा है, जिससे एसओएक्स उत्सर्जन में काफी कमी आएगी और हवा की गुणवत्ता बेहतर होगी।नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में, एनटीपीसी रिहंद 20 मेगावाट का सौरऊर्जा परियोजना बना रहा है, जो डीकार्बोनाइजेशन की अपनी कोशिशों को और आगे बढ़ा रहा है।

यह स्टेशन एक नेट-जीरो टाउनशिप बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है, जो टाउनशिप की ऊर्जा और पानी की जरूरतों को सस्टेनेबल तरीकों से पूरा करेगा। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, 1.2 लाख क्यूबिक मीटर क्षमता वाला एक वर्षा जलसंचयन प्रणाली पहले ही लगाया जा चुका है और 4 लाख क्यूबिक मीटर की अभी योजना चल रही है और 6 मेगावाट क्षमता के रूफ टॉप और ग्राउंड माउंटेड सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं।इन बड़े और एकीकृतकामों के जरिए, एनटीपीसी रिहंद सतत विद्युत उत्पादन में नए बेंचमार्क सेट कर रहा है।

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2021-22
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name
Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

# पुलिस टीम पर फायरिंग कर बदमाश फरार

**जौनपुर।** सुरेरी थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब रात्रि गश्त पर निकली पुलिस टीम पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, जबकि हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पूरे इलाके में सघन कांबिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक रामाशीष यादव अपने हमराहियों आरक्षी संदीप गौंड़, आरक्षी समीर यादव, आरक्षी जयहिंद तथा सरकारी वाहन चालक पीआरडी आशीष कुमार के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान कोठिया की बारी बहद ग्राम सुरेरी के पास रात करीब दो बजे एक मोटरसायकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवक सुरेरी बाजार की ओर से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने जब उन्हें रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने रुकने के बजाय अवैध असलहे निकाल लिए और पुलिस दल पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए खुद को सुरक्षित रखा, लेकिन हमलावर मौके से भदोही की दिशा में भाग निकले। उपनिरीक्षक की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही बदमाशों की पहचान में जुटी है।

## एलपीजी गैस लीक होने से पांच झुलसे

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापार कुददपुर गांव में गुरुवार दोपहर लगभग 1:00 बजे अचानक गैस लीक होने से एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना कुछ इस प्रकार बताई जा रही है कि उक्त गांव निवासी बिजेंद्र यादव उम्र लगभग 38 वर्ष, अनीता उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी बिजेंद्र वर्तिका उम्र लगभग 11 वर्ष, कृतिका उम्र लगभग 14 वर्ष, श्रेयानस उम्र लगभग 8 वर्ष पुत्र एवं पुत्री गण बिजेंद्र सभी उस समय रसोई घर में मौजूद थे। जब एलपीजी गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बदला जा रहा था। इसी दौरान किसी ने जैसे ही माचिस जलाया गैस सिलेंडर मे आग पकड़ लिया। नतीजतन सभी लोग चपेट में आकर झुलस गए। आनन-फानन में परिजन सभी को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया।

# जनपद वासी ने फिर किया मिसाली काम, चहुंओर हो रही चर्चा

**जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के बुढ़कुरहा गांव के पास एम्बुलेंस और बोलेरो वाहन की टक्कर में मां के शव को लेकर घर जा रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया। जैसे ही इस दर्दनाक घटना की जानकारी जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के दरबानीपुर गांव निवासी मोहम्मद असजद भाई को इस तरह से मिली कि एम्बुलेंस से मां के शव को घर ले कर आ रहे पिता के साथ पुत्र भी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है और दोनों घायल पिता पुत्र के पास उनका कोई अपना नहीं है तो वह इस तरह बेचैन हो गये कि जैसा कोई उनका तन्हा हो। अपना सारा काम छोड़कर वह सीधे जिला अस्पताल पहुंच कर दोनों को ढांढस बंधाया और उनके स्वास्थ्य के बारे में सम्पूर्ण जानकारी करने के बाद अस्पताल में रुक कर उनकी देख भाल में जुट गए। जिसको देखकर अस्पताल में हर कोई उनके जज्बे को सलाम पेश कर वही अपनी परम्परागत संस्कृति गंगा-जमुनी तहज़ीब की पुन: याद करने लगे कि हिंदू-मुस्लिम सिख ईसाई भाईचारे की जो मिसाल है आज भी वह मिसाल पूरी तरह कायम है। नफरत फैलाने वाले चाहे जितनी नफरत फैलाते रहे इसका असर हम जनपद वासियों की नजर में पहले भी कोई खास नहीं था ना इसकी अहमियत आने वाले समय में ही कोई रहेगी।

बता दें अकबरपुर अम्बेडकर नगर जनपद निवासी राकेश सिंह, पिता शिवमूर्ति सिंह के साथ कोलकाता से अपनी माता के पार्थिव शरीर को लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में बुढ़कुरहा मोड़ के पास उनकी गाड़ी की सामने से आ रही स्कॉर्पियो से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के परखचे उड़ गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसी बीच जैसे ही इस हादसे की जानकारी मोहम्मद असजद भाई को मिली वह अपना सारा काम छोड़कर अस्पताल पहुंच गए।



घायल को सहायता प्रदान करते समाजसेवी।

उन्होंने करीब तीन से चार घंटे तक घायलों के साथ रहकर हर संभव मदद करने के साथ ही उनके परिजन से लगातार संपर्क बनाए रखा। घायलों के परिजन जब जिला अस्पताल पहुंचे और असजद भाई की अपने वालों की सेवा करते देखा तो उन्होंने भावुक होकर कहा-आप तो हमारे लिए इस अजनबी शहर में फरिश्ता बनकर मिले हैं। अब यहां पर यह कहना गलत नहीं होगा है जौनपुर वासियों की असली पहचान इंसानियत धर्म और जाति से ऊपर है। मुसीबत के समय एक-दूसरे का हांथ थामना ही हमारी तहजीब और संस्कृति की सबसे बड़ी खुबसूरत पहचान है।

# दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा के बीच हुई टीजीटी परीक्षा

**जौनपुर।** जनपद में टीजीटी परीक्षा के दूसरे दिन गुरुवार को सभी 20 परीक्षा केंद्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। सभी केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन की ओर से नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का चक्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा की निगरानी में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार अब तक सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है।

## हत्या के फरार आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**चन्दवक।** गोबरा हत्याकांड का तीसरा मुख्य आरोपी था फरार, पुलिस की कार्रवाई के बाद सीजेएम न्यायालय में किया सरेंडर स्थानीय थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में हुए चर्चित सचिदानंद मिश्र हत्याकांड के फरार चल रहे मुख्य आरोपी ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी और उसके विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर गांव में मुनादी कराते हुए कुर्की की नोटिस भी चस्पा की गई थी। ज्ञात हो कि गोबरा गांव में कुछ माह पूर्व सचिदानंद मिश्र की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे के तीन मुख्य आरोपियों में से दो को घटना के तुरंत बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि तीसरा आरोपी सूर्यकांत मिश्र पुत्र स्वर्गीय संतोष मिश्र फरार चल रहा था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस की कई टीमें गठित की गई थीं। लगातार दबाव और न्यायालयी कार्रवाई के बीच आरोपी सूर्यकांत मिश्र ने गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) जौनपुर की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी के आत्मसमर्पण के साथ ही इस चर्चित हत्याकांड के सभी मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो गई है।

## बोलेरो ने ऑटो में मारी टक्कर, पांच घायल

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के मौहरी गांव निवासी मुन्ना अपनी तीन बेटियों के साथ गोपालापुर अपने ससुराल गए थे घर वापस आते समय बरसठी थाना क्षेत्र के भान्नौर गांव के पास के सामने से आ रही बोलेरो ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ऑटो पलट गई पलट के क्षतिग्रस्त हो गया। ऑटो में बैठे चालक समेत पांच घायल हो गए घायलों में आटो चालक बृजभान 28 वर्ष पुत्र हीरालाल निवासी जमालपुर थाना रामपुर मुन्ना 45 वर्ष खुशबू 12 वर्ष अंजलि 13 वर्ष चांदनी 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 द्वारा सभी को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां पर उनका उपचार चल रहा है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

## ट्रेन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर जंक्शन के शाहगंज की तरफ आखिरी छोर पर गुरुवार दोपहर रेलवे लाइन पर राष्ट्रीय मोर मृत हालत में आरपीएफ को मिला। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अजय कुमार में साथी जवानों के सहयोग से मोर के शव को पोस्टपर लाने के पश्चात वन अधिकारियों को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मचारियों ने ले जाकर राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**जौनपुर।** लाइन बाजार बाजार थाना क्षेत्र स्थित नेहरू बाल उद्यान के पास किसी ट्रेन से कटकर युवक ने जान दे दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के वाजितपुर दक्षिणी गांव निवासी संजय कुमार उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र रामदास गुरुवार सुबह क्षेत्र में स्थित नेहरू बाल उद्यान के पास किसी ट्रेन से कटकर जान दे दिया। इस संबंध में टीडी कॉलेज पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद यादव ने बताया कि मृतक के परिजन द्वारा बताया गया की लीवर की बीमारी से काफी परेशान रहता था।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा चोरी, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जौनपुर।** महराजगंज क्षेत्र के गांधीनगर बाजार से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ऐतिहासिक प्रतिमा चोरी होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वर्ष 1985 में स्थापित यह प्रतिमा रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई है। घटना के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे क्षेत्रीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने साफ चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर प्रतिमा बरामद कर पुन: स्थापित नहीं की गई तो व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार गांधीनगर बाजार स्थित राजा बाजार मार्ग पर मीरापुर शिरोमणि ग्राम पंचायत में गांधी विचार मंच के तत्वावधान में वर्ष 1985 में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। उस समय मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह थे। प्रतिमा का अनावरण गांधी जयंती के अवसर पर तत्कालीन सामुदायिक ग्राम विकास एवं पंचायती राज मंत्री स्वर्गीय श्याम सूरत उपाध्याय ने किया था। प्रतिमा स्थापना के बाद यह स्थान इतना चर्चित हुआ कि पूरे इलाके को ही गांधीनगर के नाम से पहचान मिलने लगी। गांधी विचार मंच के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह के पुत्र बालेंदू प्रताप सिंह ने बताया कि पांच मई की रात अज्ञात चोरों ने प्रतिमा को उखाड़कर चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, प्रतिमा के चबूतरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उन्होंने सात मई को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और लगभग एक सप्ताह पूर्व मौके पर पहुंचकर छानबीन भी की, लेकिन अब तक प्रतिमा का कोई सुराग नहीं लग सका है। गांधी जी की प्रतिमा चोरी होने की इस घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। अब लोगों की निगाहें पुलिस जांच और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## जहर के सेवन से दो की हालत बिगड़ी

**जौनपुर।** अलग-अलग स्थानों पर जहर का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास करने में दो युवकों की हालत बिगड़ गई। दोनों का उपचार वाराणसी में चल रहा है। बताया जाता है कि मड़ियाहू कोतवाली क्षेत्र के कसाब टोला मोहल्ला निवासी अरशद उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र इलियास गुरुवार तीसरे पर परिजन की किसी बात से नाराज होकर सल्फास का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। और जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंचे यहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे वाराणसी के लिए हालत खराब देखकर रेफर कर दिया। इसी प्रकार महाराजगंज थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी अभिषेक गौतम उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र राम शंकर गौतम परिजन की किसी बात से डांट फटकार सुनकर इतना नाराज हुआ कि उसने सल्फास खाकर जान देने का प्रयास किया और हालत खराब हो गई। परिजन इसे भी जिला अस्पताल पहुंचाए। यहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखकर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## चलती ट्रक का निकला पहिया

**जौनपुर।** रामपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के गंधौना पेट्रोल पंप के पास जौनपुर-मिर्जापुर मार्ग पर गुरुवार सुबह आम से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार लोग बाल-बाल बच गये। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार सीतापुर से कच्चा-पक्का आम लादकर ट्रक भदोही जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे गंधौना गांव के पास पहुंचने पर ट्रक के पिछले पहिये का नट-बोल्ट टूट जाने से चक्का निकल गया। तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और कुछ दूरी तक जाने के बाद सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने ट्रक में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में ट्रक सवारों को मामूली चोटें आईं जिन्हें पास के चिकित्सक से उपचार दिलाया गया। सभी की हालत सामान्य बताई गई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा।

# ग्रामीणों ने जर्जर खड़ंजा को लेकर किया प्रदर्शन

**जौनपुर।** जनपद के रामनगर विकास खण्ड के छत्तीसाकला गांव में जर्जर खड़ंजा को लेकर नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान कलावती देवी व सचिव के खिलाफ हाथ उठाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उक्त गांव निवासी अमन सिंह व त्रिभुवन सिंह ने ग्राम प्रधान व सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के नहर से लेकर ठाकुर बस्ती तक खड़ंजा पूरी तरह से खराब हो गया है। जिसके कारण हम लोगों को आने-जाने में काफी समस्या व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मार्ग खराब होने के कारण इस मार्ग पर चार पहिया वाहन नहीं आ सकता। यहां तक कि इस मार्ग से जो व्यक्ति बाइक लेकर आता-जाता है। वह कब इस मार्ग पर गिरकर घायल हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। खराब मार्ग होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना प्रति दिन करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बराबर इस मार्ग पर आने जाने वाले लोग गिरकर घायल हुआ करते हैं। और जैसे ही बरसात होता है तब इस मार्ग का स्थित और खराब हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग को सही करवाने के लिए कई बार जन सुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत किया गया। लेकिन सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है की इस मार्ग को ठीक कराने के लिए लगभग दो वर्षों से शिकायत कर रहे हैं।

लेकिन आज तक इस खड़ंजे का मरम्मत नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के ग्राम प्रधान व सचिव सहित जिम्मेदार सभी अधिकारी व कर्मचारी पुरी तरह से कुम्भ कर्णी निद्रा में ली है। सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों के बारे में जानकारी होने के बावजूद भी इस मार्ग को ठीक नहीं कराया जा रहा है। इस दौरान अमन सिंह, त्रिभुवन सिंह, अरविंद यादव, चंद्रेश यादव, भरत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिले के दो सीओ का तबादला

**जौनपुर।** पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत शासन ने जिले में दो नये पुलिस उपाधीक्षकों (सीओ) की तैनाती की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शाहजहांपुर से अजय राय और बागपत से विजय चौधरी को जौनपुर भेजा गया है। वहीं केराकत के क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान का तबादला चंदौली और क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह का तबादला बरेली के लिये कर दिया गया है। इस बाबत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह ने बताया कि नये अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्हें सर्किल का प्रभार सौंपा जायेगा। वहीं इससे पुलिस महकमे में हलचल मची हुई है।

# शॉर्ट-सर्किट से लगी भीषण आग, तीन छप्पर जलकर राख

**जौनपुर।** सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट-सर्किट से लगी भीषण आग ने पाल बस्ती में अफरा-तफरी मचा दी। आग की चपेट में आने से तीन छप्पर जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पाल बस्ती में अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली, जिसने देखते ही देखते पास के छप्परों को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सिंगरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया।

काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग से तीन छप्परों के जलने के कारण गृहस्थी का सामान भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक नुकसान का आकलन किया जा रहा था।

# जनपद में तूल पकड़ता जा रहा चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार का मामला

**जौनपुर।** जिले में एक सम्मानित डेंटल सर्जन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित चिकित्सक ने आरोप लगाया है कि उनके साथ थाने में न केवल अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि शिकायत की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उम्मीद भी धूमिल हो गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष को दी गई कथित सज़ा से उनका दर्द कम होने के बजाय और बढ़ गया है।

डेंटल सर्जन डॉ. प्रभात विक्रम सिंह ने कहा कि अब उन्हें न्याय की उम्मीद प्रशासनिक स्तर पर नहीं दिख रही है, इसलिए वे या तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे या फिर न्यायालय की शरण लेंगे। डॉ. प्रभात विक्रम सिंह के अनुसार, वह अपनी पैतृक भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण की शिकायत लेकर 25 मई को थाना तेजीबाजार पहुंचे थे। उनका आरोप है कि शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने के बजाय तत्कालीन थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल ने उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया, जूते और बेल्ट उतरवा लिए गए तथा उन्हें घंटों लॉकअप में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। बाद में उनका धारा 151 के तहत चालान भी कर दिया गया। पीड़ित चिकित्सक का कहना है कि उन्होंने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी और उन्हें उम्मीद थी कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन, उनके अनुसार पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को केवल इतना कहा कि वह डॉक्टर को थाने बुलाकर उनके साथ चाय पिएं। डॉ. सिंह का आरोप है कि इस कथित फैसले ने उनके जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीद परिवारों को सम्मान देने की बात करती हैं, वहीं दूसरी ओर जौनपुर में एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्य को थाने में अपमानित किया जाता है। उनका कहना है कि यह केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान का प्रश्न नहीं, बल्कि उन परिवारों के सम्मान से भी जुड़ा मुद्दा है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना योगदान दिया। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि यदि एक शिक्षित, प्रतिष्ठित और समाज में सम्मानित चिकित्सक के साथ इस प्रकार का व्यवहार हो सकता है तो आम नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लोगों का मानना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि जनता का पुलिस व्यवस्था पर भरोसा कायम रह सके। उधर, डॉ. प्रभात विक्रम सिंह ने स्पष्ट कहा है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उनका कहना है कि सम्मान और न्याय की इस लड़ाई में वह पीछे हटने वाले नहीं हैं। यह मामला अब जिले में चर्चा का विषय बन गया है और लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस विवाद पर आगे क्या कदम उठाता है।

# पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की भूमिका महत्वपूर्ण : सुप्रिया

**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मैग्ज वेलफेयर फाउंडेशन, तिघरा-खुटहन द्वारा एसएसआरएम इंस्टीट्यूट परिसर में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। संस्था की ऑफिस इंचार्ज सुप्रिया सिंह ने कहा कि पेड़ हैं तो जीवन है। वृक्ष हमें फल, फूल, छाया और लकड़ी प्रदान करते हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि हम अपने भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा।

फैकल्टी सदस्य दीपांजलि यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत अपने घर और गांव से करनी चाहिए। मैं सभी छात्रों और नागरिकों से अपील करती हूं कि वे स्वयं पौधा लगाएं और कम से कम एक पड़ोसी को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करें। सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में फैकल्टी राम नारायण पाल, वंदना पाल, फातिमा एवं राजनाथ यादव ने अपने साथ-साथ पड़ोसियों के घर भी पौधे लगाने का संकल्प लिया। संस्था के निदेशक सैयद मोहसिन रजा ने सभी उपस्थित लोगों को अपने संकल्पों को पूरा करने की शपथ दिलाई। कहा कि बढ़ता वायु एवं ध्वनि प्रदूषण, वाहनों का धुआं, एयर कंडीशनरों का बढ़ता उपयोग तथा पराली जलाने जैसी समस्याएं पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इस अवसर पर मुस्कान, निशा, रहनुमा, स्वाति, जूही, अनीशा, सीमा, विशाल, रीतीष, ऑन मोहम्मद, सुभाष, प्रियंका पाल, गरिमा सिंह, श्वेता, अंजलि, ममता यादव, अमृता, शिवांगी, विकास यादव, मोहम्मद अशरफ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मासूम से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र से एक दिल को झकझोर कर देने वाली घटना सामने आई है। हवस में अंधे एक दरिंदे ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि महराजगंज थाना क्षेत्र के सवंसा गांव निवासी 23 वर्षीय बृजेश यादव पुत्र रमई यादव ने उसके घर के सामने खेल रही बालिका बहला-फुसलाकर खीरा खिलाने के बहाने अपने साथ एक बंद कमरे की आड़ मे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजन के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने के बाद बालिका ने रोते हुए आप बीती बताई। इसके बाद पीडिता के पिता महराजगंज थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे महराजगंज पड़ाव से बदलापुर जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया। महराजगंज थानाध्यक्ष तरुण श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बोलेरो से टकराकर बाइक सवार की मौत

**जौनपुर।** बुधवार रात्रि सरपतहा थाना क्षेत्र के बसौली गांव के पास बाइक सवार की स्कॉर्पियो की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि सुल्तानपुर जनपद मोतिया थाना क्षेत्र के तैथवास गांव निवासी राजू गौंड़ उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र श्री नाथ गोड़ अपाचे बाइक से कहीं जाते समय सरपतना थाना क्षेत्र के बसौली गांव के पास स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। जैसे ही यह परिजन को जानकारी हुई परिजन में कोहराम मच गया।

# व्यापारी नेताओं ने उप जिलाधिकारी का किया जोरदार स्वागत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व व्यापारी नेताओ ने तहसील अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में गुरुवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर केराकत के उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती का जोरदार फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया। और उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बताते चले कि उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती इसके पूर्व भी केराकत के उपजिलाधिकारी रह चुके हैं। गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के व्यापारी नेताओं नें उसने भेंट कर उनका जोरदार स्वागत करते हुवे उन्हें ढेर सारी मुबारकबाद दिया। तथा स्मृति चित्र देकर सम्मानित किये। उपजिलाधिकारी को सम्मानित करने वाले व्यापारी नेताओं में तहसील अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, तहसील महामंत्री



एसडीएम सुनील कुमार भारती का स्वागत करते व्यापारीगण।

साहबलाल यादव, तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमृश उपाध्याय, तहसील कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कसौधन, नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार कमलापुरी पिंकू नगर महामंत्री दयाराम गुप्ता, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष आजाद कुरैशी, नगर मन्त्री मोहम्मद इरफान सहित अन्य व्यापारी नेतागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर तरूणमित्र के केराकत तहसील प्रभारी मोहम्मद असलम खांन से केराकत तहसील अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल नें कहा कि इसके पूर्व में भी हम लोगों ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती का कार्य देखा है जो बेमिसाल है इनकी जितनी भी तारीफ किया जाये मेरे हिसाब से वह कम है।

# संवाद कार्यक्रम में व्यापारी समस्यायों पर हुई चर्चा

**शाहगंज।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित नियमों, कर भुगतान और व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर रजनेश कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर विभाग राहुल कुमार राय, राज्य कर अधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा जीएसटी के बदलते प्रावधानों की जानकारी देने के साथ व्यापारियों को समय पर रिटर्न दाखिल करने और कर संबंधी नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था को सरल बनाने के लिए सरकार समय-समय पर नए निर्देश जारी करती है। ऐसे में व्यापारियों के लिए जरूरी है कि वे नवीनतम नियमों की जानकारी रखें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी या आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण, ई-वे बिल, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया तथा कर निर्धारण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी पोर्टल पर आने वाली तकनीकी दिक्कतों, कर संबंधी नोटिसों और अन्य व्यावहारिक समस्याओं को भी उठाया। विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए नियमों के अनुरूप व्यापार संचालन करने की सलाह दी। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, जिससे व्यापार जगत को नई जानकारियां मिलती रहें और कर संबंधी भ्रम दूर हो सके। अंत में सभी व्यापारियों से कर नियमों का पालन करते हुए पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्पित जायसवाल अध्यक्ष ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर महामंत्री सुनील अग्रहरि टप्पू कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र मोदनवाल सहसंयोजक इरशाद अहमद पूर्व तहसील अध्यक्ष अनिल मोदनवाल, संदीप जायसवाल, शीमप्रकाश अग्रहरि शिम्पू , महेंद्र कुमार वर्मा (एडवोकेट) अनिमेष जायसवाल (चार्टर्ड अकाउंटेंट), कृष्णकांत सोनी, दीपक जायसवाल, दिवाकर मिश्रा, अश्वनी अग्रहरि, वीरेंद्र जायसवाल, आनंद मोदनवाल, पवन अग्रहरि, अब्दुल्ला राईन, आशीष बरनवाल, चंदन जायसवाल, पंचम जायसवाल, उमेश चंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान नगर अध्यक्ष रविकांत जायसवाल ने किया।



# तरुणमित्र

**शुक्रवार, 05 जून 2026**

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 05


## लहूलुहान होता पर्यावरण

*भारतीय पर्यावरण आंदोलन के महान पुरोधा सुंदरलाल बहुगुणा का यह कथन आज के दौर में किसी चेतावनी से कम नहीं है। बहुगुणा जी का मानना था कि प्रकृति और पर्यावरण के बिना किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि स्थायी नहीं रह सकती। जंगल, जल, जमीन और जैव विविधता ही मानव सभ्यता की वास्तविक पूंजी हैं। यदि इनका अंधाधुंध दोहन किया जाएगा, तो विकास का पूरा ढांचा अंततः धराशायी हो जाएगा। विश्वप्रसिद्ध पर्यावरण चिंतक डेविड एटॉमबर्ग ने कहा है। प्राकृतिक संसार पर हमारी निर्भरता पहले से कहीं अधिक स्पष्ट हो चुकी है। वहीं जलवायु विद जॉन हेनसन ने दशकों पहले चेतावनी दी थी कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर नियंत्रण नहीं किया गया तो पृथ्वी का तापमान मानव सभ्यता के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है।*

*संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की मून का कथन भी उल्लेखनीय है- जलवायु परिवर्तन हमारे समय की सबसे बड़ी सामूहिक चुनौती है। इन विचारों से स्पष्ट है कि पर्यावरण संकट केवल किसी एक देश का नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता का प्रश्न बन चुका है। पृथ्वी हमारे पूर्वजों से मिली हुई विरासत नहीं है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों से लिया गया ऋण है। इसी प्रकार भारतीय पर्यावरणविद् वंदना शिवा का मानना है कि प्रकृति के संसाधनों का अंधाधुंध दोहन अंततः समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को संकट में डाल देता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जब हम प्रकृति और पर्यावरण की चर्चा करते हैं, तब यह प्रश्न अनायास ही मन में उठता है कि क्या विकास की जिस राह पर मानव सभ्यता तेजी से आगे बढ़ रही है, वह वास्तव में विकास की राह है या विनाश की? आदिम युग से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वर्तमान युग तक मनुष्य ने विज्ञान, तकनीक और संसाधनों के बल पर अभूतपूर्व प्रगति की है। ऊँची-ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें, विशाल उद्योग, तीव्र गति से दौड़ते वाहन, वातानुकूलित भवन, आधुनिक मशीनें और डिजिटल तकनीक आज के विकास के प्रतीक माने जाते हैं। निस्संदेह इन उपलब्धियों ने मानव जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया है, किंतु इन सुविधाओं की कीमत प्रकृति को चुकानी पड़ रही है।*

*विकास की अंधी दौड़ ने धरती को इस कदर लहूलुहान कर दिया है कि अब प्रकृति स्वयं अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ती दिखाई दे रही है। भारत जैसे विशाल और विकासशील देश में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। देश के अधिकांश महानगर और औद्योगिक नगर वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण की चपेट में हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पटना, कानपुर, लखनऊ, रायपुर और अन्य अनेक शहरों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। सड़कों पर बढ़ते वाहनों का जाल, उद्योगों की चिमनियों से निकलता धुआँ, निर्माण कार्यों से उड़ती धूल, डीजल जनरेटरों का उपयोग तथा वातानुकूलित यंत्रों की बढ़ती संख्या पर्यावरणीय संकट को और गहरा कर रही है। पर्यावरणविद् और जलवायु वैज्ञानिक वर्षों से चेतावनी देते रहे हैं कि यदि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित नहीं किया गया, तो मानव सभ्यता को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी आर्थिक विकास भी स्थायी रह सकेगा। आज विश्व भर के पर्यावरण विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का ह्रास और प्रदूषण 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। विकास के नाम पर जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरणीय असंतुलन का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही है। सड़क, रेल, खनन परियोजनाओं, औद्योगिक क्षेत्रों, बाँधों तथा शहरी विस्तार के लिए प्रतिवर्ष लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं। वन केवल लकड़ी का स्रोत नहीं हैं, बल्कि वे पृथ्वी के फेफड़े हैं।*

*वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वर्षा चक्र को नियंत्रित करते हैं, मिट्टी का संरक्षण करते हैं और लाखों जीव-जंतुओं का आश्रय स्थल होते हैं। जब कोई जंगल काटा जाता है तो केवल पेड़ नहीं गिरते, बल्कि उनके साथ पक्षियों के घोंसले उजड़ते हैं, वन्यजीवों का जीवन संकट में पड़ता है और प्रकृति का संतुलन भी डगमगा जाता है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

**वृषभ**- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

**मिथुन**- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

**कर्क**- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

**सिंह**- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**कन्या**- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

**तुला**- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

**वृश्चिक**- साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

**धनु**- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

**मकर**- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

**कुम्भ**- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

**मीन**- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722


# एक अथक सन्त जो भारत मे सुशासन के पर्याय हैं



रामचरितमानस के उत्तरकांड में महाकवि संत तुलसीदास जी ने संतों के हृदय को मक्खन के समान (कोमल) बताया है,पर विचारणीय यह है कि मक्खन तो केवल ताप (आँच या गर्मी) मिलने पर ही पिघलता है,जबकि संत दूसरों के दुःख से पिघल (द्रवित हो) जाते हैं, ठीक यही बात हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर लागू होती है जो अपने जीवनचर्या को अब तक के इतिहास में सबसे न्यूनतम खर्च पर जीते हैं और आधिकतम कार्य करते हैं, वे सदा अविचलित,अथक अविराम रूप से अपना पूरा समर्पण मां भारती के सेवार्थ कर दिए हैं।

ऐसे मुख्यमंत्री जो न कभी बीमार पड़े और ना कभी जीवन में अवकाश लिए 'चरैवेति चरैवेति' चलते ही रहे जहां कहीं भी मानवता की करूण पीड़ा सुनाई पड़ी वहां उनका हृदय निश्चित रूप से पिघला और एक संत के स्वभाव के कारण मानवीय पीड़ा को तत्काल हरने का प्रयास भी करते हैं, वहीं वे प्राचीन संतो की तरह दुष्टों को भविष्य हेतु श्राप नहीं देते बल्कि उसे तत्काल दंड में बदल कर ही चैन लेते हैं, और हां दंड देने में कोई कोर कसर भी नहीं छोड़ते हैं।




योगी जी का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। विज्ञान से स्नातक योगीजी 6 वर्ष की आयु में गुरुमुख हुए और आज गोरखपुर के प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर है, वे 1998 से 2014 तक गोरखपुर से लगातार पांच बार सांसद रहे। 19 मार्च 2017 को वे पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री वे हिंदू राष्ट्रवाद के प्रणेता और एक सख्त प्रशासक के रूप में आज भारत ही नहीं पूरी दुनियां में जाने जाते हैं। योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक सफर और प्रशासनिक उपलब्धियों का आकलन इसी से ही कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसी भी राज्य के चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में उनकी सभाएं अवश्य होती है आज वह देश के हिंदू राष्ट्रवाद और कठोर प्रशासक की छवि वाले सबके लिए अनुकरणीय मुख्यमंत्री हैं। जीरो टॉलरेंस और सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक अनवरत चलते रहते हैं।

देश के और मुख्यमंत्रियों से हटकर योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में कुछ विशिष्ट उपलब्धियां हैं जिसके कारण इन्हें अब पूरे राष्ट्र में नवचारक मुख्यमंत्री माना जाता है।

कानून व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव से उन्होने उत्तरप्रदेश को "बीमारू राज्य" की छवि से बाहर निकालकर देश के विकास का "ग्रोथ इंजन" बनाया उनकी "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत 2017-2025 में 222 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए और 8118 घायल हुए, जिससे अपराध में भारी कमी आई। एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की नीति से आज 75 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया,जो भारत में किसी भी राज्य में पहले कभी नहीं हुआ।

धर्म परिवर्तन विरोध अधिनियम नवंबर 2020 में उत्तर प्रदेश ने भारत का पहला "विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम" लागू किया, जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था: लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट लागू किया।

उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के तहत नए सुरक्षा बल का गठन किया। यूपी-112 रिस्पांस टाइम 7 मिनट 24 सेकेंड तक कम किया। आज यूपी में 2.62 करोड़ इज्जत घर आठ साल में सबसे अधिक ग्रामीण आवास निर्मित किये।

आज जब उनका हम 54वां जन्मदिवस मना रहे हैं तो हम यही कहेंगे कि संत का जो चरित्र है 'उसके एक हाथ में माला होती है जो लोक कल्याण परोपकार और सत्य की रक्षा हेतु होती है,तो वहीं दूसरे हाथ में भाला होता है जो दुष्टों को दंड देने के लिए सर्वथा उपयुक्त रहता है। योगी आदित्यनाथ दोनों के समन्वय हैं इसीलिए उन्हें आज भारत में एक तरफ गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में सभी लोग मस्तक झुकाकर प्रणाम करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ बुलडोजर बाबा के रूप में दुष्टों के हृदय में कपकपी भी पैदा होती है। आज उनके जन्म दिन पर मेरी अनंत शुभकामना।


**प्रोफे आर एन त्रिपाठी**

**पूर्व सदस्य- उप्र लोकसेवा आयोग।**

**प्रोफेसर-समाजशास्त्र विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी**



# विश्व पर्यावरण दिवस: प्रकृति धरती की पुकार सुनिए, अभी भी समय है...



***कल्पना कीजिए कि एक सुबह आप जागें और पक्षियों का कलरव सुनाई न दे, नदियों का जल पीने योग्य न रहे, पेड़ों की छांव दुर्लभ हो जाए और सांस लेने के लिए भी शुद्ध हवा खरीदनी पड़े। यह किसी विज्ञान कथा का दृश्य नहीं, बल्कि उस भविष्य की झलक है जिसकी ओर दुनिया तेजी से बढ़ रही है। विकास और उपभोग की अंधाधुंध दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति से जितना लिया, उसके मुकाबले लौटाया बहुत कम। परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, जल संकट, प्रदूषण और जैव विविधता का क्षरण आज वैश्विक चिंता का विषय बन चुके हैं।***

***विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का अवसर है कि प्रकृति के बिना न अर्थव्यवस्था बच सकती है, न सभ्यता और न ही मानव जीवन। सवाल अब पर्यावरण बचाने का नहीं, बल्कि अपने भविष्य और अस्तित्व को सुरक्षित रखने का है। यही इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता और जिम्मेदारी है :-***

***- सुरेश गांधी -***




यह चित्र का एक हिस्सा विकास की अंधी दौड़ से घायल होती धरती को दिखाता है, जबकि दूसरा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और सतत विकास की आशा जगाता है। प्रश्न यही है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम कौन-सा रास्ता चुनेंगे? मतलब साफ है धरती बोलती नहीं, संकेत देती है। कभी तपते हुए जून की दोपहर में, जब थर्मामीटर नए रिकॉर्ड बनाता है। कभी हिमालय की गोद से टूटते ग्लेशियरों के रूप में। कभी बाढ़ की उफनती धाराओं में और

कभी सूखे खेतों की फटी हुई मिट्टी में। प्रकृति शब्दों में नहीं, घटनाओं में संवाद करती है। दुर्भाग्य यह है कि मनुष्य ने उसकी भाषा सुनना लगभग बंद कर दिया है। जी हां, विश्व पर्यावरण दिवस केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह वह दिन है जब पूरी दुनिया अपने विकास मॉडल, जीवनशैली और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति अपने व्यवहार का पुनर्मूल्यांकन करती है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का वैश्विक विषय जलवायु परिवर्तन और उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई पर केंद्रित है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने दुनिया को संदेश दिया है कि पृथ्वी लगातार संकेत दे रही है और अब उन संकेतों को अनदेखा करने की गुंजाइश नहीं बची है। जब भीषण गर्मी में नदियां सिकुड़ने लगती हैं, खेतों की मिट्टी दरक जाती है, पहाड़ों पर भूस्खलन होता है और महानगरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब प्रकृति अपने संकट का संकेत देती है। यह केवल पर्यावरण का संकट नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न है। विडंबना यह है कि जिस धरती ने हमें जीवन दिया, उसी के संसाधनों का सबसे अधिक दोहन मनुष्य ने किया है। हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक आयोजन या पौधारोपण कार्यक्रम भर नहीं है, बल्कि यह दिन मानवता को अपने कर्तव्यों की याद दिलाने का अवसर है। आज दुनिया जिस जलवायु संकट, जैव विविधता के क्षरण, जल संकट और प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है, वह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार का परिणाम है।

वैसे भी धरती कभी शिकायत नहीं करती। वह चुपचाप सब सहती रहती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, पहाड़ों का क्षरण और हवा में घुलता जहर-इन सबके बावजूद वह जीवन देने का अपना धर्म निभाती रहती है। लेकिन जब उसका संतुलन बिगड़ता है, तब वह चेतावनी भी देती है। कभी भीषण गर्मी के रूप में, कभी विनाशकारी बाढ़ के रूप में, कभी सूखे और कभी चक्रवातों के रूप में। आज पूरी दुनिया ऐसे ही संकेतों के बीच विश्व पर्यावरण दिवस मना रही है।

कुछ दशक पहले तक पर्यावरण संरक्षण को एक सामाजिक या वैकल्पिक विषय माना जाता था। इसे विकास के समानांतर चलने वाला मुद्दा समझा जाता था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जलवायु परिवर्तन आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ा है। वैज्ञानिक वर्षों से चेतावनी दे रहे हैं कि यदि पृथ्वी का तापमान इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले समय में जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं भी संकट में पड़ सकती हैं। दुर्भाग्य यह है कि हम इस संकट को तब समझ रहे हैं, जब उसके प्रभाव हमारे दरवाजे तक पहुंच चुके हैं।

भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में इस वर्ष भीषण गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। शहरों की सड़कें तपने लगीं, खेतों की नमी समाप्त होने लगी और जलाशयों का स्तर तेजी से घटने लगा। दूसरी ओर, कहीं अत्यधिक वर्षा और बाढ़ ने तबाही मचाई। यह केवल मौसम का बदलाव नहीं है, बल्कि प्रकृति के उस असंतुलन का परिणाम है जिसे मनुष्य ने स्वयं पैदा किया है। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति को संसाधन तो माना, लेकिन संबंध नहीं माना। हमने जंगलों को केवल लकड़ी का स्रोत समझा, नदियों को केवल पानी का भंडार और पहाड़ों को केवल खनिजों की खान। परिणामस्वरूप प्रकृति का वह संतुलन लगातार कमजोर होता गया, जिसने हजारों वर्षों से जीवन को सुरक्षित रखा था। आज सबसे बड़ी चिंता जल संकट को लेकर है। भारत की बड़ी आबादी भूजल पर निर्भर है, लेकिन भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। अनेक शहरों और गांवों में पानी की उपलब्धता चुनौती बन चुकी है। आने वाले वर्षों में यदि जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं दी गई तो पानी केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संघर्ष का कारण भी बन सकता है। वायु प्रदूषण भी एक गंभीर चुनौती है।

महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक हवा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। बच्चों, बुजुर्गों और रोगियों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। स्वच्छ हवा, जो कभी प्रकृति का सहज उपहार थी, अब एक दुर्लभ सुविधा बनती जा रही है। यह स्थिति केवल पर्यावरण का नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी बड़ा संकट है। प्लास्टिक प्रदूषण ने समस्या को और जटिल बना दिया है। नदियों, झीलों, समुद्रों और खेतों तक में प्लास्टिक का कचरा पहुंच चुका है। वैज्ञानिकों ने मानव शरीर में भी माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी दर्ज की है। यह संकेत है कि प्रकृति को पहुंचाया गया नुकसान अंततः मनुष्य तक लौटकर आ रहा है। हालांकि संकट जितना बड़ा है, समाधान भी उतना ही स्पष्ट है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं होगा। इसके लिए समाज की भागीदारी आवश्यक है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को जन आंदोलन का रूप देना होगा। भारत की सांस्कृतिक परंपरा इस दिशा में हमें प्रेरणा देती है। यहां नदियों को माता कहा गया, वृक्षों को पूजनीय माना गया और प्रकृति को जीवन का अभिन्न अंग समझा गया। आधुनिक विज्ञान आज जिन सिद्धांतों की बात कर रहा है, भारतीय जीवन दर्शन सदियों पहले उन्हें व्यवहार में उतार चुका था। आवश्यकता केवल उस चेतना को पुनर्जीवित करने की है।

पर्यावरण संरक्षण का अर्थ केवल पेड़ लगाना नहीं है। इसका अर्थ है विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना। इसका अर्थ है संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना। इसका अर्थ है आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों का सम्मान करना। आखिरकार पृथ्वी हमें विरासत में नहीं मिली है; हमने इसे अपनी संतानों से उधार लिया है। विश्व पर्यावरण दिवस पर सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि हम भविष्य की पीढ़ियों को कैसी दुनिया सौंपना चाहते हैं। क्या हम उन्हें स्वच्छ हवा, निर्मल जल और हरे-भरे जंगलों वाली पृथ्वी देंगे, या फिर प्रदूषण, जल संकट और जलवायु आपदाओं से जूझती दुनिया? उत्तर हमारे आज के निर्णयों में छिपा है। यदि हम प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का मार्ग चुनते हैं तो अभी भी बहुत कुछ बचाया जा सकता है।

लेकिन यदि चेतावनियों को अनदेखा करते रहे तो आने वाला समय और कठिन होगा। धरती आज भी हमें जीवन दे रही है। बदले में वह केवल इतना चाहती है कि हम उसके साथ न्याय करें। विश्व पर्यावरण दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है-प्रकृति को बचाना किसी अभियान का नारा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है। क्योंकि जब धरती सुरक्षित रहेगी, तभी मानवता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।



## मंडल रेल प्रबंधक ने किया डीडीयू- मानपुर खंड का निरीक्षण

### ट्रैक प्रणाली एवं परिचालन संरक्षा की समीक्षा

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने डीडीयू - मानपुर खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन सीमा में हावड़ा की ओर ट्रैक सेक्शन का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान प्वाइंट्स (ट्रैक को एक लाइन से दूसरी लाइन पर ले जाने की व्यवस्था), गेज (दो रेल पटरियों के बीच निर्धारित दूरी) तथा लंबे वेल्डेड रेल सेक्शनों (बिना जोड़ वाली लंबी रेल पट्टियां) की स्थिति का परीक्षण किया गया। ट्रैक की ज्यामितीय स्थिति (लाइन, लेवल एवं एलाइन्मेंट) तथा निर्धारित अनुरक्षण एवं संरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा की गई।



निरीक्षण के दौरान ट्रैक अनुरक्षण कार्य में संलग्न कर्मचारियों से संवाद किया गया, जिसमें स्थायी पथ निरीक्षक ट्रैकमैन एवं ट्रॉलीमैन शामिल रहे। ट्रैक निगरानी, नियमित पेट्रोलिंग व्यवस्था तथा संरक्षा प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति का अवलोकन किया गया। भीषण गर्मी के दृष्टिगत रेल पटरियों पर तापमान जनित प्रभावों के प्रबंधन हेतु अपनाई जा रही ट्रैक संरक्षा एवं अनुरक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। गर्मी में कार्य के दौरान कर्मियों के अपने स्वास्थ्य रक्षा के प्रति सतर्क रहने पर विशेष बल दिया गया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मानपुर जंक्शन का निरीक्षण किया गया, जहां यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की स्वच्छता, ट्रेनों के संचालन, यात्री प्रबंधन व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत जायजा लिया गया।

तत्पश्चात गया जंक्शन का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के विस्तार, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं परिचालनिक सुगमता का विस्तृत अवलोकन किया गया। पुनर्विकास कार्यों की प्रगति एवं यात्री सुविधा केंद्रित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जारी कार्यों के दौरान यात्रियों के सुचारू आवागमन एवं सदैव वर्क सेफ्टी के साथ यात्रियों की संरक्षा-सुरक्षा सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंडल द्वारा सभी प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रैक सेक्शनों पर संरक्षा, अनुरक्षण एवं यात्री सुविधा मानकों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी निरंतर जारी है।

## बीजेपी सरकार में कमीशनखोरों को खुश करने में बहे करोड़ों रुपयेः मनोज सिंह डब्लू

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू गुरैनी गांव में चल रहे भारतीय किसान यूनियन ने किया (भाकियू) के अनिश्चितकालीन धरने में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों की समस्याओं का समर्थन करते हुए गुरैनी में हो रहे भीषण गंगा कटान के मुद्दे को बेहद मजबूती से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कटान रोकने के नाम पर आवंटित सरकारी धन में बड़े पैमाने पर बंदरबांट हुई है।

धरनास्थल पर संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि क्षेत्र के महज 1.5 करोड़ रुपये की लागत वाले पंप कैनाल को सुरक्षित करने के लिए विभाग द्वारा 7.5 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट खर्च कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद गंगा का कटान जस का तस बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब पुनः बिना किसी वित्तीय स्वीकृति के ही ठेकेदारों से गुपचुप तरीके से काम कराया जा रहा है, ताकि सरकारी धन की नई लूट का प्रबंध किया जा सके।

## बिहार जा रही शराब की भूसी की आड़ में तस्करी

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले में अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना चन्दौली पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे से भारी मात्रा में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब (बीयर) बरामद की है। पुलिस ने वाराणसी से बिहार जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध ट्रक को पकड़ा, जिसमें भूसी की आड़ में छिपाकर रखी गई कुल 1210 पेटी 'HOWARD 500' ब्रांड की अवैध अंग्रेजी बीयर बरामद हुई। बरामद की गई कुल 29,040 केन (14,520 लीटर) बीयर की अनुमानित कीमत लगभग 61 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से बिहार तस्करी करने वाले दो शातिर अंतर्राज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिले में तस्करी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 4 जून 2026 को दिन में करीब 3.00 बजे, पुलिस टीम को मुखबिर से एक ट्रक में अवैध शराब ले जाए जाने की सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चौकी नवीन मण्डी के सामने हाईवे पर मुस्तैदी के साथ घेराबंदी कर दी। इसी दौरान वाराणसी की तरफ से आ रहे एक ट्रक संख्या (MH 18 BG 7712) को रोककर जब उसकी जांच शुरू की गई, तो चालकों ने शुरू में गाड़ी में सिर्फ भूसी लदे होने का दावा किया। हालांकि, कड़ाई से तलाशी लेने पर भूसी के नीचे छिपाकर रखा गया शराब का बड़ा जखीरा बाहर आ गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान मूला राम (उम्र 28 वर्ष) पुत्र भेरा राम निवासी खोखसर पश्चिम (थाना गीडा, जनपद बाड़मेर, राजस्थान) और हितेन्द्र कुमार (उम्र 25 वर्ष) पुत्र किशना राम निवासी सेवनीपाला (थाना बायतु, जनपद बाड़मेर, राजस्थान) के रूप में हुई है।

पुलिसिया पूछताछ में इन शातिर तस्करों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने कुबूल किया कि वे इस अवैध बीयर को पंजाब राज्य से लोड करके बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले में ले जा रहे थे। इस अवैध खेप को सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाने के एवज में उन्हें प्रति चक्कर 50,000/- का भुगतान किया जाता था। गिरफ्तारी के बाद थाना चन्दौली में मु.अ.सं. 0274/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## बेटी पढ़ेगी, बेटी बढ़ेगी: चकिया में 7 बेटियों को मिली शिक्षा की नई उड़ान

### बाल विवाह से बचाई गई बालिकाओं को साइकिल वितरण, एसडीएम पवन कुमार यादव ने बढ़ाया हौसला

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा संचालित कवच परियोजना के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की गई।

गुरुवार को चकिया तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह से बचाई गई 7 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई, ताकि वे नियमित रूप से विद्यालय जाकर अपनी शिक्षा जारी रख सकें। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी पवन



कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख शम्भूनाथ यादव तथा तहसीलदार देवेंद्र कुमार ने बालिकाओं को साइकिल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। एसडीएम ने कहा कि "बालिका शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है।

शिक्षा ही बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है।" ब्लॉक प्रमुख शम्भूनाथ यादव ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि हमेशा बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं तहसीलदार देवेंद्र कुमार ने बालिकाओं को जागरूक करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया।

## जनता की चौपाल में गूंजी समस्याएं, समाधान का मिला भरोसा

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद के नरसिंहपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में गुरुवार को आयोजित जन चौपाल में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग के राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

## फाइनेंसर बनकर बदमाशों ने लूटी ट्रक

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले में अपराधियों ने लूट का एक नया तरीका अपनाया है। जिले के सैयदराजा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर एक ट्रक लूट लिया।

हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी ने बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया और घटना के मात्र 6 घंटे के भीतर ही ट्रक को बरामद कर लिया गया। यह घटना बुधवार की देर रात नौबतपुर के पास हुई। मुजफ्फरपुर निवासी ट्रक चालक अमिताभ साहनी ट्रक संख्या (BR 44 GA 7989) लेकर जा रहे थे। तभी स्कार्पियो सवार तीन बदमाशों ने उन्हें जबरन रुकवाया और फाइनेंस की किस्त बकाया होने का दावा किया। चालक ने मौके पर ही मालिक से बात कराई और स्पष्ट किया कि कोई पैसा बकाया नहीं है, फिर भी बदमाश चाबी और कागजात छीनकर ट्रक ले भागे।

लूट की सूचना मिलते ही सैयदराजा पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी शुरू की और तकनीकी सुरागों का पीछा करते हुए बिहार के मोहनिया स्थित एक यार्ड तक पहुँच गई। पुलिस ने न केवल लूटा हुआ ट्रक बरामद किया, बल्कि यार्ड मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया, जो इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार यार्ड मालिक बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। वह अक्सर फाइनेंस रिकवरी की आड़ में लूट की वारदातों को अंजाम देता है ताकि पकड़े जाने पर इसे व्यापारिक विवाद का रूप दे सके। फिलहाल पुलिस इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। इस सफल ऑपरेशन के बाद सैयदराजा पुलिस की काफी सराहना हो रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। फरार आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर चलने वाले वाहन चालकों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# अजय राय ने भाजपा नेताओं पर लगाया अपशब्दों के इस्तेमाल का आरोप




**वाराणसी।** भाजपा की आक्रोश सभा के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रेसवार्ता की। लहुराबीर स्थित आवासीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार पर तीखे हमले किए।

अजय राय ने कहा कि सत्ता में रहते हुए समस्याओं के निराकरण के बजाय आक्रोश सभा ध्यान भटकाने का प्रयास है। अगर करना ही है तो महंगाई, कानून व्यवस्था, बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर आक्रोश सभा करें। प्रधानमंत्री को गाली देने के आरोप पर अजय राय ने कहा कि भाजपा आईटी सेल ने एआई के जरिए वीडियो में छेड़छाड़ कर मुद्दा बनाने का प्रयास किया। अजय राय ने इस दौरान कई वीडियो दिखाकर मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

# अवधेश विश्वकर्मा समेत चार एसीपी वाराणसी के लिए तैनात, पांच दूसरे जिलों में भेजे गए

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर हुए एसीपी स्तर के तबादलों में वाराणसी कमिश्नरेट से जुड़े कई अधिकारियों का स्थानांतरण और नई तैनाती की गई है।वाराणसी में नई तैनाती पाने वाले प्रमुख अधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा को 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर से वाराणसी कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया।प्रशांत सिंह को मंडलाधिकारी गोरखपुर से स्थानांतरित कर वाराणसी में एसीपी नियुक्त किया गया। वीर सिंह को फतेहपुर से वाराणसी कमिश्नरेट में एसीपी बनाया गया। अनिल कुमार वर्मा को आजमगढ़ से वाराणसी कमिश्नरेट में एसीपी पद पर तैनाती मिली।विमल किशोर मिश्रा को प्रयागराज कमिश्नरेट से स्थानांतरित कर वाराणसी कमिश्नरेट में एसीपी बनाया गया।वाराणसी

से स्थानांतरित अधिकारीएसीपी संजीव कुमार शर्मा को वाराणसी से अलीगढ़ में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया। एसीपी प्रतीक कुमार को अयोध्या में पुलिस उपाधीक्षक पद पर भेजा गया। एसीपी (सुरक्षा) अंजनी कुमार राय को सचिवालय सुरक्षा, लखनऊ में पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया गया। एसीपी विदुष सक्सेना को शाहजहांपुर स्थानांतरित किया गया। एसीपी अतुल अंजन त्रिपाठी को वाराणसी से आगरा कमिश्नरेट भेजा गया। एसीपी अजय कुमार श्रीवास्तव को कुशीनगर में पुलिस उपाधीक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई।

# शादी का झांसा देकर विदेशी महिला से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** शादी का झांसा देकर एक युवक नेपाल की युवती के साथ दुष्कर्म करता रहा। लगभग चार साल तक साथ रहने के बाद युवक ने शादी से इनकार कर दिया। युवक ने दूसरी शादी कर लेने की जानकारी होने पर युवती ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी। इस प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। उधर मौका देख आरोपी युवक अपनी पत्नी के साथ भाग गया। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश में जुट गई।जानकारी के अनुसार नेपाल की रहने वाली युवती के पिता सेना से रिटायर हैं। वह कैंटोनमेंट क्षेत्र में अपने पिता के साथ रहती है।

वर्ष 2022 में युवती की मुलाकात तेलियाबाग निवासी अविनाश सेठ से हुई। अविनाश अपने को अविवाहित बताकर युवती से शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद युवक ने युवती की मांग के सिंदूर भर कर शादी कर ली। दो साल तक दोनों टकटकपुर स्थित किराए के मकान में रहने लगे। इसके बाद अकथा पहाड़िया स्थित एक अपार्टमेंट में पति पत्नी की तरह रहने लगे। युवती के अनुसार अविनाश ने कई बार में लगभग चार लाख रुपया युवती से ले लिया। इसके अलावा युवती ने अविनाश को एक कार व स्कूटी खरीदकर दिया। इसके बाद अविनाश पारिवारिक समस्या बताकर युवती को उसके मायके भेज दिया। इसके बाद वह फोन उठाना कम कर दिया और नजर अंदाज करने लगा। जब पीड़ित युवती 28 मई को अपने भाई के साथ समान लेने अकथा पहाड़िया स्थित अपार्टमेंट पहुंची तो अविनाश को दूसरी युवती के साथ देखा। नेपाली युवती ने जब दूसरी युवती के बारे में पूछा तो शालिनी गुप्ता नाम की युवती एवं अविनाश सेठ गालियां देने लगे और रॉड से मारने की कोशिश की और घर से भगा दिए। नेपाली युवती ने जब आत्महत्या का प्रयास किया तो परिवार के लोगों ने बचा लिया। इसके बाद युवती ने अविनाश सेठ और शालिनी गुप्ता के खिलाफ स्थानीय थाने पर तहरीर दी। उधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उनकी तलाश में संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है, जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# काशी स्टेशन के विकास और अप्रोच रोड चौड़ी करने की बाधा दूर

**वाराणसी।** काशी रेलवे स्टेशन के विकास (रीडेवलपमेंट) और गंगा पर प्रस्तावित सिग्नेचर ब्रिज के लिए बनने वाली अप्रोच रोड को चौड़ा करने में आ रही बाधा दूर हो गई है।

मंगलवार देर रात रेलवे की जमीन पर बनी अजगैब शहीद मजिस्द, मजार और मंदिर टूटने के साथ ही आधा एकड़ (0.5 एकड़) भूमि खाली करा ली गई। अब विकास कार्यों में और तेजी आएगी। उधर, ध्वस्तीकरण के बाद मलवा भी करीब-करीब हटा दिया गया है।किला कोहना क्षेत्र में बनी मस्जिद की कमेटी को उत्तर रेलवे प्रशासन ने पहले कई बार नोटिस दिया, लेकिन अवैध कब्जा नहीं हटा। इस बीच, कुछ लोग हाईकोर्ट चले गए। कोर्ट से भी पिछले महीने रेलवे के पक्ष में फैसला आया। इसके बाद रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस ने मस्जिद पक्ष से जुड़े लोगों के साथ बैठक की। फिर भी कब्जा बरकरार रहा। आखिरकार मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई में अजगैब शहीद मस्जिद और हनुमानजी का मंदिर ध्वस्त कर दिए गए। मंदिर में लगी हनुमानजी की प्रतिमा अभियान से कुछ समय पहले ही दूसरे मंदिर में प्रतिष्ठित की जा चुकी है।सिग्नेचर ब्रिज की डिजाइन मंजूरी को भेजी गईबता दें कि उत्तर रेलवे की तकरीबन 47.26 एकड़ जमीन पर काशी स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का विकास, गंगा पर प्रस्तावित सिग्नेचर ब्रिज की अप्रोच रोड को चौड़ी करने समेत कई अन्य कार्य होने हैं। फिलहाल काशी स्टेशन पर 350 करोड़ की लागत से मेजर अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें दोनों तरफ तीन मंजिला बिल्डिंग निर्माणाधीन है। गंगा पर बनने वाले सिग्नेचर ब्रिज के लिए पड़ाव छोर पर मृदा परीक्षण भी किया जा रहा है। ब्रिज की डिजाइन तैयार हो चुकी है। अब इसे स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।दो सौ वर्ष पुरानी थी मस्जिदढाई कंगूरा मस्जिद के इमाम मौलाना नसीम बसीरी ने दावा किया कि अजगैब शहीद मस्जिद करीब दौ सौ वर्ष पुरानी है। हम लोग बचपन से यह मस्जिद देख रहे हैं। मस्जिद की दीवारों पार कुरआन-ए-पाक की आयतें लिखी थीं। उन्होंने बताया कि हमारे बचपन में इस मस्जिद का ढांचा कुछ अलग था, लेकिन समय के साथ यह भी बदल गया।

# चोलापुर में दो युवकों का मिला शव



**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के बनियापुर में हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के पीछे एक मकान के पास गुरुवार सुबह दो युवकों की लाश मिली। पुलिस हत्या या आत्महत्या में उलझी हुई है।

मौके पर डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार, एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे हैं। इसमें एक की पहचान 46 वर्षीय अभिजीत गांगुली के रूप में हुई। अभिजीत का हुकुलगंज में दुर्गा मंदिर के पीछे आवास है, हालांकि वह परिवार से अलग एक कमरा लेकर रहता था। दूसरे की पहचान जौनपुर निवासी नीलू बताया जा रहा है। अभिजीत के पिता रंजीत गांगुली के अनुसार दोनों की दोस्ती करीब 18 साल से थी। दोनों में कभी कभार शराब पीने को लेकर विवाद हो जाता था।अभिजीत की शादी हुई थी, लेकिन कुछ दिन बाद ही वह खुद चली गई। तब से कभी नहीं आई।

# जेल में बंद डॉ. केके जैन की तबीयत बिगड़ी, बीएचयू अस्पताल में भर्ती

**वाराणसी।** पुलिस हिरासत में मौत के मामले में सजा पाए और वर्तमान में जेल में बंद डॉ. केके जैन की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को जेल में अचानक उनके सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल उन्हें मंडलीय अस्पताल भेजा। मंडलीय अस्पताल में प्राथमिक जांच और उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां हृदय रोग विभाग में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि डॉ. जैन पहले से ही कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्हें प्रोस्टेट संबंधी बीमारी है और हृदय की समस्या के कारण पहले से स्टेंट भी पड़ा हुआ है। चिकित्सकों द्वारा उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जा रही है।

बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल के एमएस प्रो. केके गुप्ता ने कहा कि हृदय रोग विभाग में इलाज चल रहा है।29 साल पुराने मामले में जेल में बंद है डॉ. जैनगौरतलब है कि 1997 में पुलिस हिरासत में हुई एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में मशहूर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. जैन और दो सेवानिवृत्त दरोगा नरेंद्र प्रताप सिंह तथा राधेश्याम सिंह को दोषी करार दिया गया है। डॉ. जैन ने पुलिस के इशारे पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदल दी थी, हत्या को आत्महत्या बता दी थी।

# बहला फुसलाकर नाबालिग के साथ किया अनाचार, परिजन ने लगाई पुलिस से गुहार

**तरुणमित्र न्यूज**

**केराकत।** कोतवाली क्षेत्र के पूर्व और दक्षिण के कोने में गोमती नदी के किनारे बसे एक गाँव में एक नाबालिग किशोरी के साथ गाँव के ही एक युवक ने बहला फुसला कर अनाचार करने का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि किशोरी पिछले महीने दसवीं की परीक्षा पास की है। परिजनों को मामले की जानकारी तब हुई ज़ब किशोरी के साथ अनाचार करने वाला युवक नाबालिक किशोरी का फोन उठाना बंद कर दिया, सम्पर्क कटने पर नाबालिक किशोरी बार बार युवक को फोन करती रही, और बहुत परेशान रहने लगी, जिसे घर के किसी बच्चे ने देख कर परिवारिजनों को बताया। परिजनों द्वारा पूछताछ में मामले की जानकारी होने पर किशोरी के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दे कर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करने के लिये फोन किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

# लायंस क्लब ने आयोजित की कार्यशाला, लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा


**जौनपुर।** लायन्स क्लब संगठन और एसएएस केयर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आर्थराइटिस गठिया जोडों के दर्द और उसके समाधान विषय पर कार्यशाला, सिविल लाइन स्थित एक रेस्टोरेंट के हाल में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने लाभ उठाते हुए जागरूक हुए और जांच कराई व परामर्श लिया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. उत्तम सिंह ने आर्थराइटिस के कारण, लक्षण, बचाव, आधुनिक उपचार और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि अब गठिया बुढ़ापे की बीमारी नहीं रही। कम उम्र के लोगों को भी गठिया घेर रही है। विशेषकर आजकल सीनियर सिटीजन्स में घुटने, कूल्हे और पीठ दर्द की समस्या सबसे ज्यादा कॉमन है। करीब 90 से 95 प्रतिशत मामलों में सही ट्रीटमेंट मिल जाए, तो ट्रांसप्लांट की नौबत से बचा जा सकता है।

हालांकि लोगों में इस बारे में जागरुकता की कमी है। वर्तमान में गलत लाइफस्टाइल, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड का सेवन और पोषण की कमी से मिडिल और वृद्धावस्था में जोड़ों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। अगर आर्थराइटिस को शुरुआती स्टेज में पहचानकर इलाज कराया जाए, तो दवाओं और एक्सरसाइज से राहत मिल सकती है। अगर आर्थराइटिस ग्रेड चार में पहुंच जाए, तो घुटने का रिप्लेसमेंट जरूरी हो जाता है। इसी तरह कूल्हे का रिप्लेसमेंट अक्सर पुरानी चोटों या हालिया फ्रैक्चर के कारण जरूरी हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को 50 की उम्र के बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ से समय-समय पर मिलकर जांच करानी चाहिए। हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। मुख्य रुप से मोटापा को नियंत्रित करें। क्योंकि शरीर का वज़न बढ़ने का सबसे ज्यादा असर जोड़ों पर पड़ता है। अधिक भार पड़ने की वजह से जोड़ समय से पहले खराब होने लगते हैं। जंक फूड से दूरी बनानी चाहिए और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाना चाहिए। नियमित व्यायाम एवं जांच की मांसपेशियों की कसरत, फिजियोथेरेपी, नियमित योग आदि करें। और खुद को एक्टिव रखना चाहिए। अगर किसी तरह की समस्या हो, तो डॉक्टर से मिलें। सावधानी बरतने से हड्डियों की परेशानियों से बचा जा सकता है।

आगे डॉ. उत्तम सिंह ने कहा कि आर्थराइटिस (गठिया) जोड़ों की सूजन और दर्द का मुख्य कारण है, जो कार्टिलेज (उपास्थि) को घिसने से शुरू होता है। जब दवाइयों या फिजियोथेरेपी से आराम नहीं मिलता, तो घुटने या कूल्हे का प्रत्यारोपण (जॉइंट रिप्लेसमेंट) एक स्थायी और प्रभावी समाधान होता है। आर्थराइटिस मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है जो घुटनों और कूल्हों को प्रभावित करता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस यह सबसे आम है, जो उम्र के साथ कार्टिलेज घिसने के कारण होता है। रूमेटॉइड आर्थराइटिस यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है जो जोड़ों के ऊतकों में सूजन पैदा करती है।

आगे डा. उत्तम ने बताया कि जब गठिया गंभीर हो जाता है और चलना-फिरना या दैनिक कार्य करना मुश्किल हो जाता है, तब प्रत्यारोपण की सलाह दी जाती हैं। इसमें क्षतिग्रस्त जोड़ की सतह को हटाकर धातु या उच्च गुणवत्ता वाले प्लास्टिक के कृत्रिम जोड़ (इम्प्लांट) लगाए जाते हैं। यह सर्जरी अत्यधिक सफल है, जिससे दर्द से स्थायी राहत मिलती है और मरीज सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब प्रत्यारोपण की व्यवस्था जौनपुर में शिव सहाय हास्पिटल में उपलब्ध है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत व संचालन डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सै मो मुस्तफा ने किया। रीजन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता, लायन्स मेन अध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता, लायन्स गोमती अध्यक्ष डॉ. राजेश मौर्य, लायन्स पवन अध्यक्ष डॉ. सूरज जायसवाल व अविनाश मिश्रा ने डॉ. उत्तम सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आभार अंशुमान पाण्डेय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मनीष गुप्ता, योगेश साहू, नवीन मिश्रा, पवन जायसवाल, अजय गुप्ता, पदमाकर राय, शकील अहमद, सुनीता सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, शशिकांत सिंह आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व बसपा प्रत्याशी ने भेंट की बैटरी चालित ट्राईसायकिल



ट्राईसायकिल देते पूर्व बसपा प्रत्यासी।

**मछलीशहर।** कस्बे में एक दिव्यांग युवक की लंबे समय से चली आ रही जरूरत को पूरा कर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं बसपा नेता कृपा शंकर सरोज ने मानवीय संवेदना का परिचय दिया। कस्बे के महतवाना मोहल्ले में मुस्तफा भाई के घर के पास रहने वाले दिव्यांग फैजान को उन्होंने बैटरी चालित ट्राइसाइकिल भेंट की।

स्थानीय लोगों के अनुसार फैजान को बैटरी वाली दिव्यांग ट्राइसाइकिल दिलाने के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन उनकी समस्या पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद क्षेत्र के लोगों ने पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कृपा शंकर सरोज से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पहल करते हुए फैजान को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। ट्राइसाइकिल मिलने पर फैजान और उनके परिजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए कृपा शंकर सरोज का आभार जताया। इस अवसर पर सपा नेता बबलू राईन, सभासद फराज सिद्दीकी, तहसीन मुस्तफा, गुड्डू (पूर्व सदर, सीरत कमेटी) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कृपा शंकर सरोज का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके इस मानवीय कार्य की सराहना की। क्षेत्र में इस पहल की व्यापक चर्चा हो रही है और लोग इसे जरूरतमंदों की सहायता की दिशा में एक सराहनीय कदम बता रहे हैं।

# रामपुर सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाया गया, प्रशासन की संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई



अतिक्रमण हटवाती पुलिस।

**रामपुर।** नगर पंचायत रामपुर क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी में लंबे समय से फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए आज प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। अधिशासी अधिकारी कुंवर गौरव सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाया। अभियान के दौरान रामपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक बाबूराम बिंद, उपनिरीक्षक इस्लाम सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा और पूरी कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई थी।

नगर पंचायत ने पर चलाया पॉलिथीन अभियान चलाया गया उपस्थित रहे वरिष्ठ लिपिक मनीष कुमार मिश्रा, मनीष शुक्ला, राम आसरे तथा बृजेश विश्वकर्मा भी मौके पर उपस्थित रहे और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में सहयोग किया। अधिशासी अधिकारी कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि सब्जी मंडी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के कारण आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। कई बार चेतावनी देने के बावजूद अतिक्रमण न हटाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आगे भी सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से सब्जी मंडी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पेयजल, सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुधारने पर नगर पंचायत की बैठक

## नगर की मूलभूत समस्याओं पर हुई चर्चा, सभासदों ने रखे विचार



बैठक में भाग लेते लोग।

**मछलीशहर।** नगर पंचायत मछलीशहर के सभागार में गुरुवार को नगर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल ने किया। इसमें नगर के सभी वार्डों के सभासदों ने भाग लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और सुझाव रखे।

बैठक में पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई, जल निकासी तथा प्रकाश व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सभासदों ने अपने वार्डों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा और शीघ्र समाधान की मांग की। कृपाशंकर नगर वार्ड के सभासद सुरेश जायसवाल ने नालों की नियमित सफाई कराने की मांग उठाई। वहीं सभासद डॉ. हस्सान ने सातों तलैया क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए नाला खुदाई कराने का प्रस्ताव रखा। सादीगंज वार्ड के सभासद दीपू ने बरसात के मौसम को देखते हुए व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। इसके अलावा अन्य सभासदों ने भी अपने-अपने वार्डों से जुड़ी समस्याओं और विकास कार्यों पर विचार रखे। नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल एवं अधिशासी अधिकारी विजय सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगरवासियों की सुविधाओं से जुड़े सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में सभासद सुजीत, फराज, जिया मोहम्मद शरीफ, डॉ. हस्सान, नामित सभासदों सहित लिपिक प्रवेश सिंह एवं मनोज चौरसिया उपस्थित रहे।

# शांति भंग के आरोप में पांच गिरफ्तार, न्यायालय में पेश




पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी।

**सुजानगंज।** थाना पुलिस ने शांति भंग की आशंका में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों का चालान कर न्यायालय भेजा गया। बुधवार को ग्राम सभा भुईधरा में दो पक्षों में जमीन कब्जे को लेकर कहा सुनी मारपीट में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले आई। दोनों पक्षों में सुलह समझौते का प्रयास किया गया लेकिन सुलह समझौता नहीं बन पाया तब पुलिस ने गुरुवार को विधिक कार्यवाही करते हुए नरेन्द्र पाण्डेय (40), सचिन तिवारी (22), गंगाधर पाण्डेय (48), हरिगोविन्द तिवारी (35) और दीपक तिवारी (28) निवासी भूईंधरा शांति भंग में चालान किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# खेतासराय में चला सघन चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की नजर




चार पहिया वाहन का चालान करती पुलिस।

**खेतासराय।** अपराध नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को खेतासराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग एवं तलाशी अभियान चलाया। प्रमुख बाजारों, चौराहों और संवेदनशील स्थलों पर वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। ट्रैफिक उप निरीक्षक राजेश सिंह, ट्रैफिक कांस्टेबल रवि शंकर और पुलिस टीम ने दोपहिया व चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच की। बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य आवश्यक अभिलेख न रखने वाले चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा मालवाहक पिकअप वाहनों के कागजातों की भी गहन जांच की गई। आवश्यक दस्तावेज न मिलने पर संबंधित चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अचानक शुरू हुए अभियान से वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई बाइक सवार जांच से बचने के लिए रास्ता बदलते नजर आए, जबकि कई चालक पुलिस की कार्रवाई का सामना करते दिखे। चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा वैध दस्तावेज साथ रखने के प्रति जागरूक किया। ट्रैफिक उप निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया जाएगा।



# घर के आंगन में लगे टुल्लू पंप में उतरा करंट

## चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत, महिला गंभीर



तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** जिले के रामपुर बेलौली थाना क्षेत्र के मोइद्दीनपुर के प्यारेपुर मिश्र गांव में गुरवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के आंगन में लगे टुल्लू पंप में करंट उतरने से नहाने गई मीना देवी उसकी चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि पंप की केबल कटी होने के कारण उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था।

मीना देवी (45) को करंट की जद में आते देख उनके पति देवेंद्र मिश्रा (48) और पुत्र नीरज (26) उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। दोनों ने किसी तरह मीना को करंट से अलग कर दिया, लेकिन इस दौरान वे स्वयं करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।

**लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया-** घटना के दौरान करंट के तेज झटके से नीरज दूर जा गिरा, जिससे उसके सिर में भी गंभीर चोट लग गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। तीनों घायलों को तत्काल फतेहपुर मंडाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

**पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा-** अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद देवेंद्र मिश्रा और नीरज को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला मीना देवी की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नवागत इंस्पेक्टर कोतवाली प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

## महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता



तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** शहर कोतवाली के नवागत कोतवाल निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि महिलाओं की सुरक्षा, आमजन में सुरक्षा की भावना और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यभार संभालने के बाद इंस्पेक्टर श्री सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।


उन्होंने निर्देश दिया कि महिला उत्पीड़न, छेड़छाड़, साइबर अपराध और अन्य आपराधिक घटनाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी शिकायत को हल्के में न लेने तथा पीड़ितों को तत्काल न्याय दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। हिस्ट्रीशीटरों, वांछित अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

इसके लिए नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर विश्वास को मजबूत किया जाएगा। निरीक्षक के सख्त तेवरों और सक्रिय कार्यशैली को लेकर शहर में चर्चा का माहौल है।

लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

# अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने संभाला कार्यभार



तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** नगर पालिका परिषद में नवागन्तुक अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने गुरुवार को विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

कार्यभार संभालने के अवसर पर पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने उनका स्वागत करते हुये सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि नये अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी के आने से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। अपनी प्रत्याशा व्यक्त करते हुये कहा कि इनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता के द्वारा नगर के विकास, सफाई व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, सड़क निर्माण तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि नये अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में लम्बित विकास से सम्बन्धित योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जायेगा।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागन्तुक अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराना है। इसके लिये जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अपना संकल्प जाहिर करते हुये कहा कि नगर हित को सर्वोपरि रखते हुये पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जायेगा। उन्होंने नगर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यभार हस्तांतरण के दौरान पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नये अधिशासी अधिकारी को शुभकामनायें दीं और नगर के सर्वांगीण विकास के लिये मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासदगण, पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत जून माह में चलेगा विशेष अभियान

तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** परियोजना अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 30 जून तक एक माह का विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान को तीन स्तरों पर संचालित किया जाएगा।

जनपद स्तर पर 'स्वनिधि महोत्सव' का आयोजन होगा, जिसमें स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिवारों की सफलता की कहानियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ-साथ योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। नगर निकाय स्तर पर 'लोक कल्याण मेलों' का आयोजन किया जाएगा, जहां ऋण एवं क्रेडिट कार्ड सुविधा, डिजिटल सशक्तिकरण, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, बैंकर्स और स्ट्रीट वेंडर्स की बैठकें आयोजित करने सहित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं सेंसेस टाउन स्तर पर 'स्वनिधि कैंप' लगाए जाएंगे, जिनमें स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने और लाभान्वित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना की उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को सामने लाना, बैंकों, जनपद प्रशासन एवं मुख्य डिजिटल पार्टनर्स जैसे सभी हितधारकों के साथ समन्वय को मजबूत करना, डिजिटल कृषि समावेशन और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा योजना की पहुंच का विस्तार करना है।

इसके साथ ही ऐसे स्ट्रीट वेंडर्स तक पहुंच बनाना भी लक्ष्य है जो अभी तक इस योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए संबंधित अधिशासी अधिकारियों तथा सेंसेस टाउन रतनपुरा, दोहरीघाट एवं मुहम्मदाबाद गोहना के लिए खण्ड विकास अधिकारी को इस विशेष अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया है। परियोजना अधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि ऐसे सभी फुटपाथ विक्रेता, जो अभी तक पीएम स्वनिधि योजना के लाभ से वंचित हैं वे 30 जून तक आयोजित विशेष अभियान के दौरान अपने संबंधित नगर निकाय अथवा चयनित सेंसेस टाउन में पहुंच कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न

- ट्रांसपोर्ट व्यावसाय की गंभीर स्थिति पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की चर्चा
- व्यापार को चलाने के लिए एकजुट और संगठित रहना आवश्यकः आनंद अग्रवाल



तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (यूपीएमटीए) के तत्वावधान में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में गत दिवस शारदा नारायण के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में देश में उत्पन्न हो रही ट्रांसपोर्ट व्यावसाय की गंभीर स्थिति तथा ट्रक मालिक से लेकर ट्रांसपोर्टरों के समक्ष उत्पन्न समस्या के संदर्भ में चर्चा की गयी। बताया गया कि मनमाने टेक्स हो या नये कानून के तहत वीएलटीडी जैसे उपकरण लगाने से व्यवसाय के लिए आये दिन मुश्किल खड़ी हो रही है। एसोसिएशन के लोगों ने आशंका जताया कि आने वाले दिन में ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या आती दिख रही है। उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्ट के विस्तार एवं यूपीएमटीए को मजबूत बनाने से लेकर परिवहन व्यवसाय को कैसे बढ़ावा मिले इसको लेकर बिस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में प्रदेश नेतृत्व की तरफ से कानपुर से उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमण्डल उपस्थित रहा। बैठक में मुख्य अतिथि आंनद अग्रवाल, राजेंदर सिंह सेट्टी, राजकुमार गोयल मण्डल प्रभारी तेज प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, युसूफपुर, रसड़ा, फूलपुर, सरायमीर, बड़हलगंज, जौनपुर सहित आसपास के सभी परिवहन ट्रांसपोर्ट व्यावसाई उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि आनंद अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में परिवहन व्यापार को आगे चलाने के लिए हमें एकजुट और संगठित रहना होगा। इसके लिए जरुरी है कि प्रदेश के हर जिले में गठित ट्रांसपोर्ट यूनियन अपनी बात प्रदेश और देश स्तर पर रख सके। बिना संगठन के हमारी मजबूती नहीं हो सकती। राजेंद्र सिंह सेट्ठी ने बताया कि हम अपने परिवहन ब्यावसाय को आगे कैसे बढ़ाये, व्यापार से जुड़ी समस्याओं का समाधान कैसे निकाला जाए तथा संगठन के माध्यम से अपनी मांगों और सुझावों को कैसे प्रभावी ढंग से रखा जाए।

बैठक जौनपुर के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि जब तक हमारा संगठन मजबूत नहीं होगा हम अपनी लड़ाई नहीं लड़ सकते ऐसी स्थिति में अपने संगठन को मजबूत बनाना होगा। मण्डल प्रभारी तेज प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत बनाए पर बल दिया और कहा कि एक मजबूत संगठन के जरिये ही अपनी बात शासन/ प्रशाशन और सरकार तक रख पाएंगे। अजीत सिंह ने कहा कि इस देश का सबसे बढ़ा व्यापार हमारा ट्रांसपोर्ट का है। टांसपोर्ट के पहिये मात्र 3 दिन रुक जाये तो इस देश की व्यवस्था में भूचाल आ सकता है लेकिन उसके लिए हमें संगठित रहना होगा।

बैठक में आजमगढ़, बलिया, गाजीपुर, जौनपुरत्र युसूफपुर, शाहगंज से आये पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाए जाने पर बल दिया।

इस अवसर पर फारुक भाई, रामनरेश तिवारी, रामभवन यादव, महातम यादव, मुकेश पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह, जगदीश प्रसाद गुप्ता, पी एन सिंह, राम प्रसाद यादव, श्रीकांत तिवारी, रोशन जमाल, मंगल सिंह, आदर्श कुमार, हरेन्दर यादव, इन्द्रेश यादव, ओम प्रकाश, नागेंदर पाण्डेय, मनीष तिवारी, मोहम्मद सुहैल, अखिलेश सिंह, तेज प्रताप सिंह, अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अजीत सिंह एवं संचालन पुरुषार्थ सिंह ने किया।

# वक्फ संपत्तियों के लंबित एवं रिजेक्ट प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देश जारी

तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चन्द ने बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सर्वे कमिश्नर वक्फ, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ द्वारा उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के अनेक प्रकरण विभिन्न तकनीकी त्रुटियों के कारण रिजेक्ट हो रहे हैं। प्रमुख रूप से वक्फ बोर्ड में पंजीकरण की तिथि, वक्फ के क्रिएशन की तिथि तथा वक्फनामाध्धारा-37 से संबंधित राजस्व अभिलेखों के अपलोड न होने के कारण आवेदन अस्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रकरणों का परीक्षण कर संबंधित मुतवल्ली अथवा प्रशासक स्तर से आवश्यक संशोधन किया जाना अपेक्षित है।

इस संबंध में जनपद के समस्त मुतवल्लियों द्वारा उम्मीद पोर्टल पर रिजेक्ट हुई वक्फ संपत्तियों का विवरण संबंधित मेकर (मुतवल्ली/ प्रशासक) द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन कर जांच लें तथा आवेदन में पाई गई त्रुटियों को 05 जून तक प्रत्येक दशा में सही कराना सुनिश्चित करें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि निर्धारित समयावधि के भीतर त्रुटियों का संशोधन न होने की स्थिति में संबंधित मेकर/मुतवल्ली स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने सभी संबंधित व्यक्तियों से समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर वक्फ संपत्तियों के अभिलेखों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने का अनुरोध किया है।

# रोजगार मेले में 53 अभ्यर्थियों का चयन, मिला रोजगार का अवसर

## रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना: एके पाण्डेय



तरुणमित्र न्यूज

**मऊ।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई सहादतपुरा के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की तीन प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। हाईवे रूप प्रिसिजन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, सीएनसी इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा सुजलान प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान शामिल रहीं। रोजगार मेले में जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 115 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न चरणों में आयोजित साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 53 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

चयनित अभ्यर्थियों ने रोजगार का अवसर प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं सेवायोजन विभाग का आभार जताया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप योग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराना है।

उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोजगार मेले के सफल आयोजन में अपर सांख्यिकीय अधिकारी एम.आर. प्रजापति, प्रभारी रोजगार मेला राजकीय आईटीआई योगेन्द्र यादव, रहमान, श्याम सुंदर चौहान सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रोजगार मेले का समापन किया गया।

## संक्षिप्त सामाचार

### पंडित अमित शास्त्री ने प्राचीन शिव मंदिर टड़ियाव में कराया अनुष्ठान

*तरुणमित्र न्यूज*

***मऊ।*** *अधिक ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के पावन अवसर पर स्थानीय क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर टड़ियाँव में भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित अमित शास्त्री के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।*

*इस पावन पर्व पर जनपद के वरिष्ट पत्रकार ब्यूरो चीफ एक संदेश एडवोकेट सतीश कुमार पाण्डेय ने अपने पूरे परिवार के साथ भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। अनुष्ठान के दौरान पूरा मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'नमः शिवाय' के जयघोष से गुंजायमान रहा। टड़ियाँव स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर की महिमा और महत्ता बेहद खास है। इस दरबार के प्रति क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था है। ऐतिहासिक संदर्भों को याद करते हुए एडवोकेट सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मऊ जिले के निर्माता और 'विकास पुरुष' के नाम से विख्यात स्वर्गीय कल्पनाथ राय जी की इस मंदिर पर अगाध श्रद्धा थी। वे जब भी अपने गृह जनपद मऊ के दौरे पर आते थे, तो बाबा भोलेनाथ के इस दरबार में हाजिरी लगाना और उनका आशीर्वाद लेना कभी नहीं भूलते थे। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर आचार्य अमित शास्त्री द्वारा महाआरती संपन्न कराई गई, जिसके बाद उपस्थित भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। एडवोकेट सतीश कुमार पाण्डेय ने इस अवसर पर बाबा भोलेनाथ से समस्त ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और क्षेत्र के कल्याण की कामना की। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।*

### महिला कांस्टेबुल संग ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए व्यक्ति

*तरुणमित्र न्यूज*

***मऊ।*** *जनपद पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को विभिन्न थानों की साइबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 पीड़ितों की कुल 3,58,597 रुपये की धनराशि वापस कराई गई। थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित दीपक कुमार पुत्र स्व0 छबीलचन्द निवासी चकमानो दरगाह थाना मधुबन को 287000 वापस कराया गया। वहीं थाना दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा पीडित उमेश चौहान पुत्र लालमोहन चौहान निवासी अवराडाड़ थाना दोहरीघाट की कुल धनराशि 16598 रुपये वापस हुई। थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम द्वारा पीड़ित एहतेशाम रफी पुत्र न्याज अहमद निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिण टोला को कुल 50,000 रुपया उनके खाते में वापस कराया गया।*

*जबकि थाना घोसी द्वारा पीडित रामचेत चौहान पुत्र भरत चौहान निवासी बीजपुरा थाना दोहरीघाट की कुल धनराशि 4999 रुपये उनके खाते में वापस कराया गया। इस प्रकार जनपद के विभिन्न थानों से कुल वापस करायी गयी धनराशि तीन लाख अट्ठावन हजार पांच सौ सत्तानवे रुपये रहा जिसे पाकर पीड़ितों ने पुलिस के प्रति आभार जताया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा ओटीपी साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।*

### क्षेत्रों में चल रहे जुआ के अड्डों पर नहीं लग रहा अंकुश

*तरुणमित्र न्यूज*

***मर्यादपुर ( मऊ )।*** *रामपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे जुआ का अड्डा पुलिस प्रशान का खुल्ला माखौल उड़ा रहा है। पुलिसिया संरक्षण में चलने वाले इस खेल में कोई मालामाल हो रहा है तो कोई कंगाल हो रहा है। खासकर युवा पीढ़ी इस खेल के चक्कर में पड़ कर तबाही के कागार पर पहुंच चुकी है।*

*रामपुर थाना क्षेत्र के मर्यादपुर, अंजोरपुर,फतहपुर, नेमडॉड में प्रति दिन लाखों का वारा निवारा होता है जहां दूरदराज के गावो से आए बावन पत्तों के खिलाड़ी अपना अपना दाव आजमाते है। जिस` कोई कंगाल हो कर घर जाता है तो कोई मालामाल हो कर खुशिया मनाता है। जिस की जानकारी रामपुर पुलिस को भी है। खेल संचालन करने वाला पुलिस से ताल मेल बना कर खेल का संचालन करता है। सूत्रों की माने तो प्रति खेल के हिसाब से पुलिस वालो की एक मोटी रकम बधी बधाई है। कभीकभार कार्रवाई हुई तो दो चार घंटा थाने में बैठाने के बाद छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अगर किसी ने पुलिस में शिकायत भी कर दिया तो उल्टा उस को ही पुलिस वाले परेशान करते है। इस अवैध कारोबार को लेकर सामाजिक सरोकार रखने वाले क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए रामपुर पुलिस पर सवालिया निशान लगाया है और आलाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने हुए इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग जनहित में किया है।*

### दो शातिर चोर चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

*तरुणमित्र न्यूज*

***मऊ।*** *पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर कृष राजपूत के कुशल नेतृत्व में गत दिवस बुधवार को दो शातिर चोरों को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।*

*थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बच्चन घाट पर स्थित मजार के पास से मु.अ.सं. 146/26 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तगण सरफराज अहमद पुत्र अजीजुल हसन निवासी औरंगाबाद थाना दक्षिण टोला व मो. सादिब पुत्र मो0 इस्तेयाक निवासी मोहल्ला हट्ठीमदारी थाना कोतवाली के पास से चोरी की गयी मोटर साइकिल संख्या यूपी54एपी9048 बरामद की गयी। गिरफ्तार चोरों को चालान न्यायालय किया किया गया।*

### गुमशुदा मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द

*तरुणमित्र न्यूज*

***मऊ।*** *पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों की साइबर पुलिस टीम द्वारा सीईआइआर पोर्टल पर दर्ज एक शिकायत का निस्तारण गुरुवार को किया गया। थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा आवेदक फिरोज आलम पुत्र घरिकुल होदा निवासी ग्राम अदरी थाना कोपागंज को मोबाइल फोन वापस किया गया। मोबाइल प्राप्त कर लाभार्थी द्वारा मऊ पुलिस की सराहना की गई।*

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम
त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोटः- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680

रजि. नं. 49166 ( U.P. )
हिमानी हॉस्पिटल
ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक
| ट्रेड (कोर्स) | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|
| फिटर | 2 वर्ष | हाईस्कूल |
| इलेक्ट्रिशियन | 2 वर्ष | हाईस्कूल |
सीमित सीट
आधुनिक वर्कशाप * अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ
प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# निर्विवाद रहा बीडीओ का कार्यकाल : अवधेश राय

## खंड विकास अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** खंड विकास विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद यशवंत राव का देवरिया जनपद स्थानांतरण होने पर होने पर ब्लॉक सभागार मोहम्मदाबाद में गुरु वार को ब्लॉक प्रमुख अवधेश राय की अध्यक्षता में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सचिव एवं सफाई कर्मी तथा ब्लॉक के समस्त कर्मचारियों ने बारी-बारी से उन्हें अंग वस्त्रम स्मृति चिन्ह एवं माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। खंड विकास अधिकारी यशवंत राव के इस विदाई समारोह को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख अवधेश राय ने कहा कि बीडिओ साहब के साथ लगभग 2 वर्ष का कार्यकाल कैसे बीत गया हमें पता ही नहीं चला। इन्होंने अपना कार्यकाल बहुत ही सुंदर ढंग से चलाया तथा यह बहुत सरल एवं मिलन सर स्वभाव के व्यक्ति के रूप में कार्य करते हुए अपना अमिट छाप छोड़कर जा रहे हैं। इनका कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। किसी भी कर्मचारी अधिकारी को इन्होंने अपने कलम से दुखी नहीं किया होगा साथ ही इनका विकास कार्यों में अविस्मरणीय सहयोग रहता था उन्होंने कहा कि इनका कार्यकाल बहुत ही सुंदर एवं निर्विवाद रहा है मैं इनके सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए इन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।



खंड विकास अधिकारी का स्थानांतरण होने पर बुके देकर सम्मानित करते ब्लाक प्रमुख

उपस्थित सभी ब्लॉक कर्मियों ने उनके जीवन एवं कार्य अवधि के दौरान किए गए प्रत्येक पहलुओं को साझा करते हुए कुछ वक्ताओं ने गीतों के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर ऑडियो संजय सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक राय पूजा सिंह निशा मौर्य प्रीति यादव सुरेंद्र यादव प्रिंस राय भानु यादव महिमा तिवारी मयंक धार राय संजय राय अमित सिंह सतीश कुमार मनोज यादव सोमनाथ यादव अजीत यादव नागेंद्र यादव आलोक अमर यादव रामप्रवेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी रामनिवास राय ने किया।

## नहीं रहीं पत्रकार शिवप्रताप की दादी, पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** पत्रकार शिवप्रताप तिवारी भोलू की दादी आरती तिवारी (90 वर्ष) पत्नी स्व. सिद्धान्त तिवारी का निधन सोमवार 1 जून को हो गया। उनकी अन्तेष्टी सोमवार को नगर के गंगा किनारे स्थित श्मशानघाट पर सांय काल हुई। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र अजय कुमार तिवारी ने दी। शव यात्रा में नगर के संभ्रान्त नागरिक, पत्रकार, अधिवक्ता, संघ के स्वयंसेवक, समाजसेवी व मोहल्ले वासी उपस्थित रहे। गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन कर मृतात्मा की शान्ति हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गयी। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार अनिल उपाध्याय, सूर्यवीर सिंह, विनोद गुप्ता, आशुतोष त्रिपाठी, विनय तिवारी, शशिकान्त तिवारी सहित अन्य पत्रकारों ने स्वर्गीय आरती तिवारी को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि मान्यता प्राप्त पत्रकार स्व. सिद्धान्त तिवारी के चार पुत्रों व दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार है। स्व. आरती तिवारी अपने पीछे नाती पोतोन से भरापूरा परिवार छोड़ गयी हैं।

# सीसीटीवी, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करें : डीएम

**बलिया।** जनपद में आगामी 8, 9 एवं 10 जून को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विकास भवन सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का समय रहते निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील व्यवस्था में होने चाहिए। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए कैमरों की रिकॉर्डिंग व्यवस्था भी सुचारू रहनी चाहिए। इसके अलावा सभी परीक्षा कक्षों में पंखे चालू हालत में हों तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों के लिए ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालयों की साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। डीएम ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास एंबुलेंस तैनात रहे तथा चिकित्सकों की टीम भी उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

उन्होंने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट मशीन, साइबर कैफे एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों वाले प्रतिष्ठानों को परीक्षा अवधि के दौरान पूरी तरह बंद रखा जाए। इससे परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपस में बैठक कर अपनी जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण कर लें। परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए उसका समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी हुई है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशासन का लक्ष्य परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है।

# फर्जी नौकरी गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार



**आजमगढ़।** कंधरापुर थाना क्षेत्र में टीटी (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त संदीप श्रीवास्तव को गाजीपुर जिले के जमानिया थाना क्षेत्र स्थित उसके गांव टिसौरा से गिरफ्तार किया गया।मामला 7 मई 2026 का है, जब इसहाकपुर निवासी जनार्दन यादव ने कंधरापुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पुत्र अमन को रेलवे में टीटी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने 9 लाख 63 हजार 500 रुपये ले लिए। आरोप है कि ठगी को विश्वसनीय दिखाने के लिए फर्जी टीटी पहचान पत्र भी बनाकर दे दिया गया। जब पैसे वापस मांगे गए तो आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी दी।इस मामले में कंधरापुर थाने पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

पुलिस पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गिरोह के एक अन्य सदस्य संदीप श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और जांच की कार्रवाई जारी है।

# महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## बच्चों को वितरित किया स्कूली बैग

**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौत्स्यायन के नेतृत्व में विकास खंड बांसडीह में महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बांसडीह मनोज कुमार शर्मा ने की। इस दौरान ब्लॉक मिशन मैनेजर प्रमोद पटेल, चंद्र प्रकाश मिश्रा, मंजीत कुमार वर्मा, महिला कल्याण विभाग की डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर अंजली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट निकिता सिंह, बैंक सखियां, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 25 से 30 अध्ययनरत बच्चों को विद्यालयी बैग वितरित किए गए। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने बच्चों को बैग प्रदान करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां पढ़ेंगी तो समाज आगे बढ़ेगा, इसलिए सभी अभिभावक अपनी बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लें।



सहायक विकास अधिकारी के सेवानिवृत होने पर माल्यार्पण कर विदाई करते अवधेश राय

इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की ओर से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर अंजली सिंह ने खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, बैंक सखियों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों एवं बच्चों को महिला सुरक्षा, महिला अधिकार, विधिक सहायता तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक बनाते हुए उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। सभी प्रतिभागियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं समापन किया गया।

## आज मनाया जायेगा विश्व पर्यावरण दिवस

**गाजीपुर।** निदेशक, संचारी रोग/वी.बी.डी. उ0प्र0 स्वास्थ्य भवन, लखनऊ द्वारा 05 जून को "विश्व पर्यावरण" दिवस मनाये जाने हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामु0/प्रा0/अर्बन प्रा0स्वा0 केन्द्र को आदेशित किया है कि आपके चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारो को गोष्ठी के माध्यम से 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में संवेदीकरण कर फोटो ग्राफ मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि आपके क्षेत्र में कोई इण्टर कालेज अथवा डिग्री कालेज है यदि खुला है तो वहॉ पर गोष्ठी के माध्यम से छात्र/छात्राओं को संवेदीकृत करना सुनिश्चित करें।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**तरूणमित्र न्यूज**

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में परियोजना अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 के अन्त तक जनपद गाजीपुर के कुल 7009 घरों पर सोलर रूफटॉप की स्थापना लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान में जनपद में कुल 3479 सोलर रूफटॉप स्थापना कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसके उपरान्त वर्तमान में बैंकों में कुल 1088 लम्बित लोन पत्रावलियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को बताया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित बैंक शाखाओं में लम्बित पत्रावलियों के सम्बन्ध में रोष व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित जिला अग्रणी प्रबन्धक एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को विशेष अभियान चलाकर एवं सम्बन्धित बैंक शाखाओं में सम्पर्क कर 01 माह से अधिक दिनों की लम्बित पत्रावलियों को 03 दिवस में तथा 01 माह के अन्दर की लम्बित लोन पत्रावलियों को 07 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर उनका डिस्बर्सल सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये तथा यह भी निर्देशित किया गया कि अनावश्यक किसी भी पत्रावलियों का रिजेक्शन बैंक शाखाओं द्वारा न किया जाये तथा लोन निर्गमन में बैंक शाखाओं द्वारा अनावश्यक विलम्ब अथवा हीला-हवाली करने वाले शाखा प्रबन्धकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित बैंक मुख्यालय को पत्र प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिशासी अभियन्तागणों को विद्युत विभगा के अन्तर्गत इंस्पैक्शन कार्य को पोर्टल पर 03 दिवसों के अन्दर समाप्त करने तथा मीटर की स्थापना, कान्फीग्रेशन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही विद्युत बिल संशोधन के कार्यों हेतु समस्त डिविजनों पर मेगा कैम्प आयोजित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त वेण्डरों को निर्देशित किया गया कि जनपद की प्रमुख सार्वजनिक जगहों यथा- तहसील भवन, नगर पालिका कार्यालय, शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं विद्युत वितरण खण्ड/उपखण्डों पर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनान्तर्गत सोलर रूफटॉप की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार भी किये जायें।

## रोजगार मेले में पांच सौ अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया जारी

**गाजीपुर।** 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन" के अन्तर्गत राजकीय आईटीआई परिसर में प्लेसमेंट इवेंट का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने युवाओं को रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने तथा अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे इवेंट युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करती है तथा रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनपद के युवाओं को देश व विदेश में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित एकीकृत पोर्टल- रोजगार संगम पके माध्यम से आसान और तेज ऑनलाइन पंजीकरण सुविधा प्रदान की गयी है।

बताया गया कि रोजगार, कॅरियर मार्गदर्शन एवं अन्य किसी भी जानकारी हेतु विभाग द्वारा नि:शुल्क हेल्पलाइन नं- 155330 की सुविधा उपलब्ध है, जिससे युवाओं को घर बैठे आवश्यक सहायता प्राप्त हो सके। प्लेसमेंट इवेंट कार्यक्रम में विजन इण्डिया, प्रा.लि. द्वारा मारूति सुजुकी इण्डिया लि., अहमदाबाद, गुजरात हेतु फिक्स टर्म कान्ट्रेक्ट पद के लिए चयन किया गया। इवेंट में लगभग 1600 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कुल 500 पदों पर अभ्यर्थियों की भर्ती की गयी।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में 05 से 21 जून तक होगा भव्य कार्यक्रम

**बलिया।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून के मध्य समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के संचालन के सम्बंध में प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने सभी कार्यक्रमों को प्रभावी, जनसहभागिता आधारित एवं पर्यावरण अनुकूल ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, तिथियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी तथा सभी सम्बंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए।

साथ ही जिलाधिकारी ने केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आयें सकारात्मक परिवर्तन को सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूलभाव के अनुरूप प्रदर्शित करने हेतु आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके दायित्व निर्धारित करते हुए सभी कार्यों एवं तैयारियों को समय से पूर्ण कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि अभियान की शुरुआत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी। इस दौरान जनपद में 06 लाख 16 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों एवं नहरों के किनारों पर पौधारोपण किया जाए तथा सिटी फॉरेस्ट विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। स्थानीय एवं पारंपरिक प्रजातियों के साथ फलदार वृक्षों को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय कर्मियों के सहयोग से वृक्षारोपण कराया जाए। साथ ही सभी कार्यक्रमों को प्लास्टिक मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया गया कि 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान, 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम, 14 से 16 जून तक जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी, तथा 18 से 19 जून तक प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के व्यापक आयोजन के साथ होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत तालाबों के चारों ओर पौधारोपण की रिंग विकसित की जाए तथा गांवों की सड़कों और नदी किनारों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। उन्होंने आमजन को अभियान से जोड़ने और प्लास्टिक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए मेले एवं अन्य आयोजनों के लिए सुरक्षित स्थलों का चयन किया जाए। कार्यक्रमों में उद्योगपतियों, व्यापारियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही मलिन बस्तियों में जन चौपाल आयोजित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। ग्राम चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे। प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। वहीं, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी तहसीलों, विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने शासनादेश के अनुसार इस अभियान को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस अवधि में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जिला पंचायती विभाग, उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, स्वच्छता, कौशल विकास तथा अन्य विभाग अपने-अपने क्षेत्र से सम्बंधित योजनाओं एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए है। बैठक में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बांसडीह विधायिका केतकी सिंह, जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, पूर्व विधायक उपेंद्र तिवारी, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह एडीएम अनिल कुमार एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर, बच्चों के अधिकारों की दी जानकारी

**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव (पूर्णकालिक) चन्द्र प्रकाश तिवारी के आदेशानुसार श्रम विभाग के सहयोग से गांव सरवार काकरघटा में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में पैरालीगल वालंटियर्स प्रवीण कुमार चौबे एवं सत्येन्द्र पाठक ने बालकों के संरक्षण से संबंधित अधिकारों पर ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को हर प्रकार के शोषण से संरक्षण प्रदान करने के लिए भारतीय संविधान में विभिन्न कानूनी प्रावधान किए गए हैं। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि बच्चों को उचित शिक्षा और मार्गदर्शन मिले तो वे भविष्य में परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-सिग/टेंडर/17/2026-27 |
| कार्य का नाम: उत्तरी रेलवे के लखनऊ डिवीजन में स्थापित अवानी रैवेल कंपनी के स्वचालित अग्नि पहचान एवं अलार्म सिस्टम के लिए 36 (छत्तीस) महीनों का वार्षिक मरम्मत अनुबंध। | |
| अनुमानित लागत | रु 13549069.00/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 271000.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 24.06.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०-106-सिग/टेन्डर/17/2026-27 दिनांक: 03.06.2026

1902/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पुलिस मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामियां हत्यारोपी

**गाजीपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में 29 मई की रात बिन्दू होटल कारोबारी के पुत्र विनीत राय की हत्या के मामले में एक लाख के इनामियां वांछित अभियुक्त को स्वाट टीम कोतवाली व थाना करंडा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो अवैध पिस्टल 32 बोर, चार खोखा कारतूस 32 बोर व मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया।

बताया गया कि हत्यारों की सुरागरसी में लगे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रभारी स्वाट गाज़ीपुर प्रमोद कुमार सिंह व थानाध्यक्ष करंडा संतोष कुमार पाठक की टीम बुधवार की शाम आदर्श बाजार क्षेत्र में थी। वहीं मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त पौहारी बाबा मठ पुलिया के पास मौजूद है। जब पुलिस टीम वहां पहुंच कर उस व्यक्ति की गिरफ़्तारी का प्रयास किया तो वह पुलिस पर फायर करते हुए मोटरसाइकिल से गंगा नदी की तरफ भागने लगा। मौजूद पुलिस टीम द्वारा जरिये दूरभाष कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए बदमाश का पीछा किया गया। ग्राम कुर्था ट्यूबवेल के पास पुलिस टीम द्वारा खुद को घिरा देख अभियुक्त पुलिस टीम पर पुन: फायर करने लगा। घटनाक्रम में स्वाट प्रभारी के हाथ में गोली लगी और एक गोली करंडा थानाध्यक्ष के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में बदमाश सीने में गोली लगने से घायल हो गया।

उसे तत्काल जिला हॉस्पिटल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। घायल/मृत अभियुक्त कमलेश चौधरी उर्फ़ कमलेश बिंद पुत्र तुफानी बिंद ग्राम गोड़ा देहाती गौशाबाद थाना कोतवाली जनपद गाज़ीपुर का निवासी था। उस पर विभिन्न अपराधिक मामलों में सात मुकदमे दर्ज हैं।

उपरोक्त घटनाक्रम में स्वाट प्रभारी के हाथ गोली लगने से इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा जिला अस्पताल जाकर मृत अभियुक्त व घायल स्वाट प्रभारी की स्थिति की जानकारी ली गयी।


**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा
न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सैदपुर, गाजीपुर
मु0नं0 T202514290405551 सन् 2026 ई0
धारा 20/24 उ0प्र0रा0सं0 2006
मूरत बनाम ग्राम पंचायत आदि
ता.पेशी-10.06.2026 जवाब/तनकीह

बनाम- 1-धनन्जय, 2-अरविन्द, 3-राजगोविन्द, 4-हरिगोविन्द पुत्रगण रामचवन समस्त नि0ग्रा0 शरीफपुर, पर0 व तह0 सैदपुर, जनपद गाजीपुर, 5-ग्राम पंचायत भटौला व जरिए मौजूदा ग्राम प्रधान भटौला, पर0 व तह0 सैदपुर, जनपद गाजीपुर

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 10 माह 06 सन् 2026 ई0 मुकर्रर है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करें।

वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक 03 माह 06 सन् 2006 ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय





माइण्ड केयर सेन्टर
MIND CARE & E.E.G. CLINIC
डॉ0 दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्र:- 9415203047, 9506699099
मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
जौनपुर
दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार
(समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज
स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़
(दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी
D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे)
सोम-मंगल : सुबह 10 से 2
सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक
मो0-9415217568, 9415203047
भदोही
भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही
दिन- प्रत्येक शनिवार
समय 10 बजे से 4 बजे तक
मो0-9621979101, 9415203047



नि:सन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर



सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी



पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642













टीम इंडिया को मिलेगा नया बॉस! श्रेयस अय्यर होंगे 15वें टी20 कप्तान



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को टी20 क्रिकेट में नया बॉस मिलने जा रहा है। 26 जून से आयरलैंड और 1 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की कमान श्रेयस अय्यर संभालेंगे। हालांकि, इस पर अभी आधिकारिक मुहर नहीं लीग है। इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव के युग का अंत हो जाएगा। श्रेयस भारत के 15वें टी20 कप्तान होंगे। हालांकि, उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी का अच्छा खास अनुभव है। इतना ही नहीं श्रेयस की कप्तानी में 2024 में कोलकाता नाइटराइडर्स ने खिताब पर कब्जा जमाया था। फाइनल में केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। श्रेयस की गिनती आईपीएल के सफल कप्तानों में होती है।

अय्यर ने आईपीएल 2018 से अब तक 101 मैचों में कप्तानी की है। इस दौरान उनकी टीम ने 55 मैच जीते हैं। उनका जीत प्रतिशत 54.45 है। अय्यर के नेतृत्व में उनकी टीम को 41 मैच में हार का मुंह देखना पड़ा है। साथ ही 2 मैच टाई और 3 बेनतीजा रहे हैं। श्रेयस ने दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स की कप्तानी की है। आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स खिताब से एक जीत दूर रह गई थी। निर्णायक मुकाबले में पंजाब को आरसीबी के हाथों हार मिली थी। आईपीएल 2026 में भी अय्यर के नेतृत्व में PBKS ने दमदार शुरुआत की। पहले 7 मैच में फ्रेंचाइजी ने हार का मुंह नहीं देखा था। ऐसे में लगने लगा था कि पंजाब आसानी से प्लेऑफ का टिकट कटा लेगी। हालांकि, इसके बाद पंजाब की किस्मत पलटी और टीम अगले 6 मैच हार गई। आखिरी ग्रुप मैच में जीत के बाद भी पंजाब अंतिम-4 का टिकट नहीं कटा सकी और प्वाइंट्स टेबल में 5वें पायदान पर रही।

19वें सीजन में श्रेयस ने कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने 14 मैच की 13 पारियों में 498 रन बनाए।

